लखनऊ

शनिवार, 9 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 253 पृष्ठ: 12

# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3




'संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल' लॉन्च-पेज-12







आर.सी.जे. ज्वैलर्स

(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर

गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

बान वाली गली, चौक, लखनऊ

मो. - 8299567219

9455555965, 9415133977


## राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार '...इस चुनाव में भी होने वाली है सफाई' : मोदी

**●गारंटी देता हूं अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में पहले 'राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार' समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान रचनाकारों को कई श्रेणियों में सम्मानित किया गया। समारोह में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मल्हार ये जो लोग क्रिएटर है न उनमें से कुछ लोग यह भी कहते हैं कि क्या खाना चाहिए। पूरा सभागार ठहाकों से गूंज गया। इसके बाद मल्हार ने कहा कि शुक्रिया! मैं पिछले साढ़े छह साल से पर्यावरण कार्यकर्ता हूं। हमने 500 से ज्यादा सफाई अभियान चलाया है। 80 लाख किलो से ज्यादा कचरा मुंबई से साफ किया। कई लोग हमें कचरा वाला भी बुलाते हैं, लेकिन हम रुकेंगे नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि देश को साफ करना है तो हाथ तो गंदे करने पड़ेंगे। मल्हार ने पीएम मोदी ने आग्रह किया कि आपने पिछले साल अंकित भइया के साथ भी सफाई अभियान अभियान में हिस्सा लिया था। मैं चाहता हूं कि आप मुझे भी ऐसा मौका दें। इसपर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि जरूर मौका मिलेगा। हर प्रकार की सफाई में काम आ सकता है। इस चुनाव में भी सफाई होने वाली है। क्रिएटर्स की सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि युवाओं को और उनकी क्रिएटिविटी को सम्मान देने के लिए यह अवॉर्ड पहली बार आयोजित हो रहे हैं। यह नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है। मोदी ने कहा कि आज महाशिवरात्रि भी है। मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है। भगवान शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के रचनाकार माने गए हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, कि आपको गारंटी देता हूं कि अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा। इससे पहले उन्होंने कहा कि जब समय बदलता है, जब नए युग



की शुरुआत होती है तो उसके साथ कदम से कदम मिलाना, ये देश का दायित्व होता है। आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्व को पूरा कर रहा है। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड ये आयोजन नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है। साथ ही मोदी ने इंटरनेशनल विमेंस डे की भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि पुरुष भी ताली बजा रहे हैं। मैं अभी थोड़ी देर पहले ही गैस सिलेंडर के रेट कम करके आया हूं। मोदी ने कार्यक्रम में 23 लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कथा वाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज का अवॉर्ड दिया है। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और यात्रा क्षेत्र के लिए कामिया जानी को पुरस्कृत किया गया। मोदी ने क्रिएटर्स को बधाई देते हुए कहा कि किसी सेक्टर की महाशक्ति ने सरकार को प्रेरित किया हो कि कब तक बैठे रहोगे कुछ तो सोचो। इसलिए भी आप बधाई के पात्र हैं। साथियों एक जमाने में हम लिखा देखते थे कि यहां बहुत टेस्टी फूड मिलता है। लेकिन आज दुकान वाले लिखते हैं यहां हेल्दी फूड मिलता है। यह बदलाव समाज में भी आ रहा है। इसलिए कंटेंट ऐसा हो जो लोगों को प्रेरित करे। मैंने लाल किले से बेटियों के अपमान का विषय उठाया था। मैंने पूछा था कि बेटी घर देर से आए तो आप पूछते हैं, बेटे को क्यों नहीं पूछते। पीएम मोदी ने कहा कि आप सब मेरे परिवार हैं, 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं। मुझे ज्यादा मेरे लिए आप मरते हैं, क्योंकि आपके लिए मैं जीता हूं और जो अपने लिए नहीं जीता है, उसके लिए मरने वाले बहुत होते हैं। हम एक साथ मिलकर एक क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरुआत करें।

## संक्षिप्त आवाज़



### महाशिवरात्रि पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब अगले सप्ताह सोमवार को सामान्य कामकाज होगा।

### उमर का महबूबा से गठबंधन से इनकार

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट साझेदारी के लिए गठबंधन करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उमर ने ये बातें कहीं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर उन्हें पहले यह कहा गया होता कि उन्हें नेकां की सीटें गंवा कर साझेदारी करनी पड़ेगी तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल ही नहीं होती। उमर ने कहा कि अगर राहुल गांधी और सोनिया गांधी कहते हैं कि कांग्रेस के लिए छोड़ दें तो वह पीडीपी के बजाय कांग्रेस को सीट देना छोड़ना पसंद करेंगे उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस नंबर दो पर है, जबकि पीडीपी तीसरे नंबर पर है।

### सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास पर की छापेमारी

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखाली स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों का भी दौरा किया। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। सीबीआई अधिकारियों ने ईडी द्वारा शेख के घर पर लगाई गई सील को परिसर में प्रवेश करने के लिए खोल दिया। वे अपनी जांच के लिए इलाके की वीडियोग्राफी भी कर रहे हैं और उसका नक्शा भी तैयार कर रहे हैं।

### 10 मई को खुलेंगे केदारनाथ के कपाट

**उखीमठ।** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे। आज पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में आयोजित धार्मिक समारोह में कपाट खुलने की तिथि तय हुई। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति की पांच मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा होगी।

## औद्योगीकरण के युग का शुभारंभ : योगी

**सौगात**

**●धुरियापार में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ सीबीजी प्लांट का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण**

**●बांसगांव को 222 करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं की मुख्यमंत्री ने दी सौगात**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि धुरियापार समेत गोरखपुर के जिस दक्षिणांचल को लेकर यह मान लिया गया था कि यहां कुछ हो ही नहीं सकता, उसी गोरखपुर के दक्षिणांचल में महाशिवरात्रि के पावन महापर्व पर औद्योगीकरण के युग का शुभारंभ हो गया है। धुरियापार के ऊसर में पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर के पहले सीबीजी प्लांट के रूप में उद्योग बनकर तैयार है। यह प्लांट नौजवानों को रोजगार दिलाने तथा अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सीएम योगी शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी दी। सीएम ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पये परियोजनाएं पेयजल, सड़क और बाढ़ बचाव कार्यों से संबंधित हैं। लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में सीएम योगी ने कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है। सीबीजी प्लांट का उपहार महाशिवरात्रि के दिन मिल रहा है। महाशिवरात्रि का अर्थ ही है सब कुछ मंगल ही मंगल होना। उन्होंने कहा कि पहले धुरियापार के विकास को लेकर कोई सोच भी नहीं सकता था। और, आज यहां उद्योग लग रहे हैं। सड़कें चौड़ी हो रही हैं। बाढ़ से बचाव हो रहा है। किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उज्जला योजना के 1.75 करोड़ गैस कनेक्शन यूपी में दिए गए हैं और सरकार इन्हें होली और दीवाली में मुफ्त गैस सिलेंडर दे रही है। सीएम ने कहा कि दक्षिणांचल को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से गीडा से जोड़ा जा रहा है। इसका कार्य अंतिम चरण में है। लिंक एक्सप्रेसवे के साथ ही रामजानकी मार्ग का काम तेजी से चल रहा है। गीडा के विस्तार से दक्षिणांचल नए युग में प्रवेश कर जाएगा। तब यहां के नौजवानों को नौकरी और रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा बल्कि देश दुनिया के लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि सीबीजी प्लांट में काम करने वाले 120 लोगों में कुछ गोरखपुर के हैं तो कुछ लखनऊ, झांसी, गुजरात, तमिलनाडु और बंगाल के। स्किल डेवलपमेंट से यहां युवाओं को और अवसर मिलेंगे। साथ ही पराली की आपूर्ति कर किसान तथा गोबर की आपूर्ति कर पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ाने में सफल होंगे। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की मंशा भी यही है कि अन्नदाता किसानों की आय बढ़े। उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि की सीबीजी प्लांट से प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण भी होगा। जो पराली जला दी जाती थी, वह यहां काम आकर किसानों को धन भी दिलाएगी। यहां तैयार होने वाली जैविक खाद से धरती माता की सेहत भी ठीक रहेगी।

जैविक खाद के प्रयोग से खेतों की उर्वरता बनी रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाशिवरात्रि पर बांसगांव संसदीय क्षेत्र को सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, बाढ़ बचाव और पेयजल परियोजनाओं की भी सौगात मिली है। बाढ़ बचाव के कार्यों से इस क्षेत्र को सरयू और राप्ती की बाढ़ से निजात मिलेगी।

## 100 रुपये सस्ता हुआ घरेलू गैस सिलेंडर

**●पीएम मोदी ने महिला दिवस पर महिलाओं को दिया तोहफा**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की मां-बहनों और बेटियों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने एलान किया कि महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर पर 100 रुपये की छूट दी जाएगी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई की दिशा में काम करते रहना है। इससे हम एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन को आसान करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं! हम नारी शक्ति की ताकत और साहस को सलाम करते



हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले दशक में यही हमारी उपलब्धियों में भी साफ झलकता है।

**सिलेंडर के दाम घटाने का सीएम योगी ने किया स्वागत :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में कमी करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे हमारी मातृशक्ति को प्रदूषण और धुंए से राहत मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि आज महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

## कांग्रेस की पहली सूची जारी, राहुल वायनाड और भूपेश राजनांदगांव से लड़ेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि हम आज 39 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर रहे हैं। इसमें राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम शामिल है। जहां राहुल को एक बार फिर वायनाड से उम्मीदवार बनाया गया है, वहीं बघेल राजनांदगांव से पार्टी के प्रत्याशी होंगे। जबकि, सांसद शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के नेता पार्टी के 39 बड़े नामों में से 15 प्रत्याशी सामान्य वर्ग से हैं। वहीं, एससी एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 24 नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने किसान न्याय, युवा न्याय और हिस्सेदारी न्याय पर भी अपने वादों को रखा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस की तरफ से किए गए वादों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने कई वादे किए हैं। सरकार बनने पर कांग्रेस उन वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और कर्नाटक में हमने वादे पूरे किए हैं। हम 30 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा भी पूरा करेंगे।

**उम्मीदवारों की सूची- छत्तीसगढ़:** जांजगीर-चांपा (एससी)-डॉ. शिवकुमार दाहरिया, कोरबा-सुश्री ज्योत्सना महंत, राजनांदगांव-भूपेश बघेल, दुर्ग-राजेंद्र साहू, रायपुर-विकास उपाध्या, महासमुंद-तम्रध्वज साहू, **कर्नाटक:** बीजापुर (एससी)-एच.आर. अल्गुर (राजू), हावेरी-आनंदस्वामी गड्डुदेवरा मठ, शिमोगा - सुश्री गीता शिवराजकुमार, हसन-एम. श्रेयस पटेल, तुम्कुर-एस.पी. मुद्दहनुमेगौड़ा, मांड्या-वेंकटरामगौड़ा (स्टार चंद्रू), बंगलौर ग्रामीण-डीके सुरेश, **केरल:** कासरगोड-राजमोहन उन्नीथन, कन्नूर-के. सुधाकरन, वडकरा-शफी परांबिल, वायनाड-राहुल गांधी, कोझिकोड-एम.के. राघवन, पलक्कड़-वी.के. श्रीकंदन, अलथूर (एससी)-सुश्री राम्या हरिदास, त्रिशूर-के. मुरलीधरन, चालाकुडी-बेनी बेहनन, एर्नाकुलम-हिबी एडन, इडुक्की-डीन कुरियाकोसे, अलाप्पुझा-केसी वेणुगोपाल, मावेलीकरा (एससी)-कोडिकुन्निल सुरेश, पतनमथिट्टा-एंटो एंटनी, अटिंगल-अदूर प्रकाश, तिरुवनंतपुरम-डॉ. शशि थरूर, **तेलंगाना:** जाहिराबद- सुरेश कुमार शेटकर, नलगोंडा-रघुवीर कुंडुरु, महबूबनगर-चल्ला वामसी चंद रेड्डी, महबूबाबाद (एसटी)-बलराम नाइक पोरिका, लक्षद्वीप- लक्षद्वीप (एसटी)-मोहम्मद हमदुल्लाह सईद, मेघालय-शिलांग (एसटी)-विंसेंट एच. पाला, मेघालय-तुरा (एसटी)-सालेंग ए. संगमा, नागालैंड-नागालैंड-एस.सुपोंगमेरन जमीर, सिक्किम-सिक्किम-गोपाल चेट्री, त्रिपुरा-त्रिपुरा पश्चिम-आशीष कुमार साहा।



## देश सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान 'स्वर्णाक्षरों' में अंकित

**गाजियाबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान 'स्वर्णाक्षरों' में अंकित है और वह न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है। मुर्मू ने भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को 'राष्ट्रपति मानक एवं रंग (प्रेजिटेंड्स स्टैंडर्ड एंड कलर्स)' पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उन्हें विश्वास है कि अधिक से अधिक महिलाएं वायुसेना में भर्ती होंगी और राष्ट्र की सेवा करेंगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा में



भारतीय वायुसेना का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि भारतीय वायुसेना न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है। मुर्मू ने कहा कि जल, थल और नभ की रक्षा करने के अलावा आज साइबर क्षेत्र तथा प्रयोगशालाओं की रक्षा करना भी आवश्यक है।

## शिक्षक भर्ती घोटाला: ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर मारे छापे

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार सुबह कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निदेशालय के पांच सदस्यीय दल ने कोलकाता से सटे न्यू टाउन के पथरघाटा मजार शरीफ इलाके में उस पूर्व पारा-शिक्षक के आवास पर छापा मारा जो गिरफ्तार किए गए राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी का कथित करीबी सहयोगी है। अधिकारियों ने बताया कि शहर के उत्तरी हिस्से में नागेरबाजार इलाके में एक लेखाकार के आवास पर छापेमारी की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने घोटाले में कथित तौर पर शामिल कुछ व्यवसायियों, शिक्षकों और बिचौलियों के राजारहाट इलाके में स्थित आवासों पर भी छापे मारे।

## आईटीएटी ने कांग्रेस की याचिका खारिज की


**नई दिल्ली।** आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने कांग्रेस पार्टी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें आयकर विभाग की ओर से की गई टैक्स वसूली की कार्रवाई पर रोक लगाने और पार्टी के बैंक खातों पर लगी रोक को हटाने की मांग की गई थी। कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा ने आदेश को 10 दिनों के लिए स्थगित रखने का अनुरोध किया ताकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सके। हालांकि, पीठ ने इसे यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि हमारे सामने ऐसा कोई प्रावधान या अनुरोध नहीं है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व पार्टी के प्रवक्ता अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि आयकर विभाग ने 2018-19 के आयकर रिटर्न के आधार पर कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर दिया है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने इन दोनों खातों से 210 करोड़ रुपये की रिकवरी का भी आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे अकाउंट में जो भी क्राउडफंडिंग से जुटाई गई राशि है, उसे हमारी पहुंच से दूर कर दिया गया है। माकन ने कहा था कि चुनाव के एलान से महज दो हफ्ते पहले ही विपक्षी पार्टी का अकाउंट फ्रीज कर दिया गया। यह लोकतंत्र को फ्रीज करने जैसा है। माकन ने बताया कि इस खाते में एक महीने की सैलरी भी दी है। हमने आयकर विभाग को उन दानकर्ताओं के नाम भी दिए हैं। माकन ने कहा कि हमें एक दिन पहले ही जानकारी मिली थी कि बैंकों को हम जो चेक भेज रहे थे, उनका निपटारा नहीं हो पा रहा था।

## सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं मूर्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा लिए मनोनीत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सुधा मूर्ति को बधाई देते हुए कहा कि ये नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है। वहीं पीएम मोदी ने विविध क्षेत्रों में उनके योगदान की सराहना भी की। सुधा मूर्ति को कन्नड़ और अंग्रेजी साहित्य में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। वे लेखिका के अलावा एक टीचर और समाज सेविका हैं। सुधा मूर्ति इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। सुधा मूर्ति को सामाजिक कार्यों के लिए 2006 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2023 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। मूर्ति का जन्म 19 अगस्त 1950 को कर्नाटक के हावेरी में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

## भारत में यकीन रखता है 'ग्लोबल साउथ' : जयशंकर

**टोक्यो।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'ग्लोबल साउथ' में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर विचार के लिए पिछले साल भारत द्वारा आहूत दो बैठकों में चीन शामिल नहीं हुआ। यहां भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्की फोरम' को संबोधित करते हुए भारत के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। जयशंकर ने कहा कि कई मुद्दों पर ये देश एक-दूसरे के प्रति सहानूभूति रखते हैं। कोविड से यह भावना बढ़ गयी, क्योंकि ग्लोबल साउथ के कई देशों को लगा कि वे टीका मिलने के मामले में कतार में सबसे पीछे खड़े हैं। जब भारत जी20 का अध्यक्ष बना, तब भी उन्हें लगा कि उनकी चिंताएं जी20 के एजेंडे में भी नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इसलिए हमने ग्लोबल साउथ के नेताओं के साथ दो बैठकें कीं, क्योंकि हम इन 125 देशों की आवाज सुनना चाहते थे और फिर जी20 के समक्ष कई मुद्दे रखे, जो इन 125 देशों के सामूहिक विचार थे। उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के देश जानते हैं कि असल में क्या हो रहा है, उनके लिए कौन बोल रहा है और उनके मुद्दों पर कैसे बातचीत की जा रही है। वे यह नहीं मानते कि यह महज संयोग है कि भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी20 की सदस्यता मिली। इसलिए ग्लोबल साउथ हम पर यकीन करता है। उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के शामिल न होने के संदर्भ में कहा कि पिछले साल उनकी (ग्लोबल साउथ की) चिंताओं को सुनने के लिए हमने जो दो शिखर सम्मेलन आयोजित किए, मुझे नहीं लगता कि चीन उसमें उपस्थित हुआ था। रूस के साथ भारत के संबंधों और यूक्रेन में युद्ध की उसकी आलोचना पर विदेश मंत्री ने कहा कि कई बार विश्व राजनीति में, देश एक मुद्दा, एक स्थिति, एक सिद्धांत चुनते हैं और वे इसपर इसलिए जोर देते हैं कि वह उनके अनुकूल होता है। लेकिन अगर कोई सिद्धांत पर गौर करे तो भारत में हमलोग किसी अन्य देश के मुकाबले बेहतर जानते हैं। आजादी मिलने के तुरंत बाद, हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई और बल्कि आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इसपर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें। जयशंकर ने कहा कि आज हमें बताया जा रहा है कि यह सिद्धांतों का मामला है। काश, मैं यह सिद्धांत पिछले 80 वर्ष में देखता। मैंने इन सिद्धांतों को मनमाने ढंग से इस्तेमाल करते हुए देखा है। मैं कहूंगा कि हमारे साथ अन्याय किया गया। मैं इसकी पैरवी नहीं कर रहा हूं कि हर किसी के साथ ऐसा किया जाना चाहिए।



# शर्तों के साथ पिछले साल से निजी नलकूप पर बिजली बिल छूट का जारी हुआ आदेश



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** बिजली विभाग ने प्रदेश के निजी नलकूपों पर एक अप्रैल 2023 से शर्तों व प्रतिबंधों के अधीन निःशुल्क विद्युत आपूर्ति का आदेश जारी कर दिया है, लेकिन इस आदेश में जिन किसानों ने बिल जमा कर दिया है, उसकी वापसी के संबंध में कुछ भी नहीं लिखा है। इस पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने एक अप्रैल 2023 के बाद जिन किसानों ने बिल जमा कर दिया है, उसकी वापसी का भी आदेश कारपोरेशन को जारी करना चाहिए। किसानों के लिए फ्री बिजली के मामले में पावर कारपोरेशन ने आदेश जारी किया है। इसके तहत किसानों को कुछ शर्तें और लिमिट को अपनाना होगा, तभी उस पर छूट मिल पाएगी। छूट लेने वाले किसानों को अनिवार्य रूप से मीटर लगाना होगा। प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में 10 हॉर्स पावर तक के किसानों को 140 प्रति किलो वाट प्रतिमाह की छूट मिलेगी यानी की 10 हॉर्स पावर पर कुल 1045 यूनिट प्रति माह की छूट मिलेगी। उसके ऊपर टैरिफ देना होगा। बुंदेलखंड के किसानों के लिए 10 हॉर्स पावर तक की सीमा की जगह 12.5 हॉर्स पावर तक की सीमा रहेगी और उन्हें इस परिधि में 1300 प्रतिमाह की छूट मिलेगी। उपभोक्ता परिषद ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से मांग उठाई है कि एक अप्रैल से जिन किसानों ने बिजली बिल का भुगतान कर दिया है, उसकी वापसी के लिए पावर कारपोरेशन प्रबंधन कोई आदेश जारी करे अथवा उसकी व्यवस्था बताये। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से जारी किये गये आदेश में लिमिट और शर्तों का पालन प्रदेश के लगभग 14 लाख से ज्यादा किसानों को पालन करना होगा। तभी उन्हें फ्री बिजली का लाभ एक लिमिट तक मिल पाएगा। सबसे पहले सभी किसानों को 31 मार्च 2023 तक के संपूर्ण बकाए का भुगतान करना होगा और बकाए के लिए पावर कारपोरेशन ने किस्तों की सुविधा के साथ अधिभार माफी योजना भी दी केवाईसी करना होगा। अनिवार्य रूप से सभी विद्युत कनेक्शन पर मीटर लगाना होगा और पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश में यह भी शर्त रखी गई है कि बकाएदार विद्युत उपभोक्ता को 30 जून 2024 तक की समय सीमा में रजिस्ट्रेशन भी कराना पड़ेगा। अधिकतम छह किस्त की सुविधा होगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यदि किसान 10 हॉर्स पावर तक का कनेक्शन चला रहा है, तो उसे 140 यूनिट प्रति किलो वाट प्रति माह के उपभोग पर ही 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उसके ऊपर के अतिरिक्त खपत पर उसे आयोग टैरिफ के अनुसार पूर्ण भुगतान करना होगा।

# मध्यावधि चुनाव में हुई कांग्रेस की जबरदस्त वापसी

**सातवीं लोकसभा सन् - 1980**

विशेष संवाददाता



● कांग्रेस ने महंगाई और कानून व्यवस्था को बनाया मुद्दा
● मात्र तीन साल में जनता पार्टी से हुआ लोगों का मोहभंग

**लखनऊ।** छठी लोकसभा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई लिहाजा 1980 में मध्यावधि चुनाव हुए। इस चुनाव में जनता पार्टी की आपसी खींचतान के बाद देश में जो राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बना उसका कांग्रेस ने भरपूर फायदा उठाया। लोग 1975 का आपातकाल भूल चुके थे। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में कुल 2829 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे। जिसमें कांग्रेस ने 492 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। जिसमें 353 जीतने में सफल रहे। इस चुनाव में जनता पार्टी कोई करिश्मा नहीं दिखा पाई। जिस जनता पार्टी ने 1977 के लोकसभा चुनाव में 295 सीटें हासिल की थी वह इस चुनाव में मात्र 31 सीटों पर सिमट गयी। और एक बार फिर इंदिरा गांधी पूर्णबहुमत के साथ सत्तारूढ़ हुई। जनवरी 1980 में हुए आम चुनाव से पहले एक बड़ी घटना थी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना। दरअसल 1977 में पहली बार कांग्रेस को शिकस्त देने वाली जनता पार्टी ज्यादा दिन तक अपना वजूद कायम न रख सकी। 1979 में आरएसएस और भारतीय जनसंघ ने जनता पार्टी से समर्थन खींच लिया। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। भारतीय जनसंघ से जुड़े नेताओं ने मिलकर एक नई पार्टी का गठन किया जिसका नाम रखा गया भारतीय जनता पार्टी। दिसंबर 1980 में अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में मुंबई में बीजेपी की पहली राष्ट्रीय बैठक हुई। लेकिन 1980 के चुनाव की असली कहानी जनता दल लोक दल या बीजेपी से नहीं जुड़ी थी। और न ही इसके हीरो इन पार्टियों से जुड़े थे। एक बड़े फेरबदल के लिए जनता तैयार हो चुकी थी। देश पर इमरजेंसी थोपने की वजह से 1977 के चुनाव में कांग्रेस को कड़ी हार का सामना करना पड़ा। मतदाताओं ने जनता पार्टी पर अपना भरोसा जताया लेकिन 18 महीने के भीतर ही जनता पार्टी में फूट पड़ गई। ऐसे में कांग्रेस की मदद से चरण सिंह ने सरकार बनाई लेकिन बाद में कांग्रेस ने उनसे समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद 22 अगस्त 1979 को राष्ट्रपति एन संजीवा रेड्डी ने लोकसभा भंग कर दी। जनवरी 1980 को मध्यावधि चुनाव कराने का फैसला किया गया। इमरजेंसी की वजह से जनता में कांग्रेस की जो नकारात्मक छवि बनी हुई थी उस छवि को मिटाना कांग्रेस के लिए चुनौती थी। इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने महंगाई सामाजिक समस्या और कानून.व्यवस्था की बहाली को तरजीह दी। इंदिरा गांधी की पार्टी का नाम बदलकर कांग्रेस (आई) रखा गया। उस वक्त कांग्रेस आई का चुनावी नारा था काम करने वाली सरकार को चुनिए। ये नारा इसलिए दिया गया क्योंकि जनता पार्टी की सरकार काम में कम और सत्ता संघर्ष में ज्यादा लिप्त थी। मध्यावधि चुनावों में इस बार जनता पार्टी को करारी शिकस्त मिली। खासतौर से उत्तर भारत में जहां पर 1977 के चुनावों में उसने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। कांग्रेस को 353 सीटें मिलीं। सिर्फ तीन साल के अंदर इमरजेंसी से खफा जनता ने कांग्रेस को दोबारा सत्ता की चाबी थमा दी। इंदिरा गांधी की जीत ने कांग्रेस की दो मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया। राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता के लिए 54 सीटें भी जनतापार्टी और लोक दल को नसीब नहीं हुई।

**किसको कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| कुल सीटें | 529 |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) | 353 |
| जनता पार्टी सेकुलर | 31 |
| सीपीआई (एम) | 37 |
| सीपीआई | 11 |
| डीएमके | 16 |

# महिलाओं को जोड़ने के लिए आरपीआई चलाएगी अभियान



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) महिलाओं को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित आरपीआई के प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसला लिया गया। महिला मोर्चा की बैठक में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला ने कहा कि समाज में महिलाओं की भी भागीदारी उतनी ही है, जितनी एक पुरुष की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सदन में पास हुए महिला आरक्षण बिल ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। आरपीआई इस ऐतिहासिक बिल के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद करती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज की आधी आबादी भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए लंबी सामाजिक लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा ही महिलाओं को समानता, शिक्षा, सम्मान, अधिकार और अपनी समर्थता को समझने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को मनुवादी सोच से निकाला। उनकी समाज में बराबरी के लिए कानून बनाया। आज आरपीआई बाबा साहेब के विचारों को साथ लेकर गांव-गांव, गली-गली, कस्बों, शहरों में महिलाओं को जागरूक करेगी एवं साथ जोड़ेगी। इसके लिए 10 मार्च से पूरे प्रदेश में अभियान चलेगा। बैठक में दुर्गावती सिंह, संजना देवी, ममता सिंह, महरून निशा, सीता सिंह, विनीता श्रीवास्तव, प्रिया अस्थाना, प्रतिभा शाही, सरोज पांडेय, रजिया, रोशन आरा, रेखा, रेनू, तारो बीबी सहित तमाम महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# सोने चांदी व कपड़े की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना



**रहीमाबाद-लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** बीती रात अज्ञात चोरो ने स्थानीय चौराहे पर शटर व दुकान में लगे चैनल को तोड़कर सोने चांदी की दुकान से लाखों रूपए के आभूषण व कपड़े की दुकान नकदी चुरा ले गए साथ ही दुकान में लगे कैमरे का डीवीआर भी साथ में चुरा ले गए दुकान दार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। ज्ञात हो कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रहीमाबाद चौराहे पर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के सामने वहाज हुसैन की सोने चांदी की दुकान है उसी के बगल में उनके बड़े भाई सिराज हुसैन की कपड़े की दुकान है बीती रात अज्ञात चोरो ने दुकान में लगे चैनल व शटर को तोड़कर ढाई किलोग्राम बिछिया तीन किलोग्राम पाजेब छह किलोग्राम पायल दो किलोग्राम अकड़ा पैर के छल्ले ब्रेसलेट चांदी की दो झुमकी सोने की चुरा ले गए साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी के सारे तार काटने के बाद डीवीआर भी साथ में चुरा ले गए इसके बाद बगल में कपड़े की दुकान का शटर तोड़ कर दुकान के गल्ले में रखा एक लाख रुपये नकद कपड़े चुरा ले गए आसपास के लोगो ने दुकान में शटर तोड कर चोरी होने की जानकारी दुकानदार वहाज हुसैन व सिराज हुसैन मौके पर पहुंचे और इस घटना की जानकारी रहीमाबाद पुलिस को दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रहीमाबाद ने छानबीन की और प्रशिक्षित डांग और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और फिगर प्रिन्ट सहित गहनता से जांच की दुकान दार वहाज हुसैन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रहीमाबाद में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि

**रहीमाबाद-लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रहीमाबाद आसपास क्षेत्र में ओम नमः शिवाय जाप रामायण सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है क्षेत्र की प्रतिष्ठित मां बाराही देवी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि रहीमाबाद पश्चिम शिवाला में ओम नमः शिवाय का लगातार जप जारी है और महाशिवरात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया वही बाकी नगर के शिवाला से रहीमाबाद बाकी नगर फतेहपुर कटरा होते हुए शंकर जी की बारात निकाली जाएगी उसके पश्चात ओम नमः शिवाय जाप सहित विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इसके अलावा अमानीगंज के मुजरा कसमंडी खुर्द में गरीब नाथ से पन्ना तालाब तक भोले जी की बारात निकाली जाएगी यह जानकारी अर्पित गुप्ता राम जी हर्षित गुप्ता और किशन कनौजिया ने दी उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा रहीमाबाद की प्रतिष्ठित मां बाराही देवी में धार्मिक अनुष्ठानों का कार्यक्रम लगातार जारी है इस प्रतिष्ठित मंदिर पर इलाके के सैकड़ो की संख्या में लोग दर्शन व धार्मिक अनुष्ठान में सहयोग के साथ-साथ सहभागिता भी निभाते है।

# दहेज के लिए पत्नी को जलाकर मार डाला

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** मधुरिमा सिंह को उसके पति जयदेव सिंह ने दहेज उत्पीड़न में जला कर मार डाला। यह आरोप मधुरिमा के पिता जगवीर सिंह निवासी 4/446 विभव खंड ने आरोप लगाते हुए चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मधुरिमा सिंह का विवाह 25/07/2017 को जयदेव सिंह के साथ हुआ था और लड़की के पिता ने शादी में काफी दान दहेज दिया था किन्तु जयदेव सिंह व उसके परिवार जन इतने से खुश नहीं थे और मधुरिमा सिंह को कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते थे। लड़के की बहन मिक्की व स्वयं जयदेव सिंह (पति) इनोवा कार की मांग करते हुए मानसिक व शारिरीक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। लड़की के पिता ने जयदेव सिंह की मांग पर मकान खरीदने के लिए आर्थिक सहयोग भी किया था किन्तु दहेज की मांग लगातार बढ़ रही थी। अंततः 07/03/2024 को रात्रि में जयदेव सिंह ने मुझे फोन करके सूचित किया की घर में आग लग गयी है आ जाओ। लड़की के पिता जगवीर सिंह अपनी पुत्री के आवास रामालय नन्द बिहार कालोनी थाना चिनहट लखनऊ पहुँचकर देखा तो पता चला की पुत्री जलकर मर चुकी है किन्तु घर का अन्य समान सुरक्षित था, लड़की के पिता का कहना है कि जयदेव सिंह ने अपनी बहन मिक्की के साथ मिलकर मेरी बेटी मधुरिमा सिंह को दहेज उत्पीड़न के लिए जलाकर मार डाला।



शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव जी की बारात सेक्टर एम निकट गुलाचीन मंदिर से प्रारंभ होकर डांडिया बाजार काली जी मंदिर पहुंची जहां पर भव्य स्वागत हुआ तथा भंडारे का किया गया आयोजन

# ओमश्री महादेव मंदिर में हुआ भंडारा



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ट्रांसगोमती के महानगर स्थित ओमश्री महादेव मंदिर ट्रस्ट में शिवपूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के विशेष रूप फलों और फलाहार आलू की व्यवस्था की गयी थी तथा ठंडाई का भी वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में इस आयोजन में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रामचंदर, उपाध्यक्ष मो. नसीम, पुजारी पं. उमाशंकर शुक्ला व अनूप वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों तथा श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# महिला उत्थान की दिशा में अग्रसर उड़ान फांउडेशन



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** सपनों की उड़ान फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में गोमती नगर स्थित शेरोज़ कैफे मैं मुख्य अतिथि महापौर सुषमा की उपस्थिति में महिलाओं के उत्थान एवं उनके उन्मूलन हेतु एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था सपनों की उड़ान फ ाउंडेशन स्थापना 3 जून 2022 को अध्यक्ष खुशी पांडे उपाध्यक्ष राधा पांडे एवं सचिव बिंदा पांडे के द्वारा की गई थी। महिला दिवस के उपलक्ष्य अध्यक्ष खुशी पांडे ने बताया की संस्था की स्थापना सामाजिक परिवेश मे आर्थिक तबके की महिलाओं के उत्थान के लिए की गई थी। महिला दिवस के कायक्रम के उपलक्ष्य में विभिन्न पत्रकारों को सम्मानित करने के साथ-साथ प्रोजेक्ट दाग मेंस्ट्रुअल हाइजीन अर्थात महिलाओं के पीरियड के हाइजीन के विषय मे जानकारी दी गई। और साथ ही साथ सैनिटरी पैड भी उपलब्ध कराए गए। इस फ ाउंडेशन मे महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट जीविका साथी औरतों को सिलाई बुनाई की सारी ट्रेनिंग से लेकर उनकी खुद की दुकान खुलवाने का काम कर रही है। वहीं प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा पर काफ ी समय से यह संस्था कार्य कर रही है। जिसमें सरकारी अस्पतालों के बाहर हर बुधवार 500 लोगों को भोजन कराया जाता है। संस्था द्वारा सपनों की पाठशाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत 130 गरीब बच्चों को पढ़ाया जा रहा है जो कि लखनऊ के अलग-अलग तबके के बच्चे है। संस्था इसके साथ ही समय-समय पर लखनऊ के अलग-अलग क्षेत्रों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी करती रहती है। संस्था के वॉलिंटियर्स में आमतौर पर शालिनी शुक्ला, शिवानी साहू, आदित्य तिवारी शाश्वत द्विवेदी ने मुख्य भूमिका के तौर पर अपनी-अपनी भागीदारी निभाई आज के इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खारवाल ने बताया कि संस्था की अध्यक्ष खुशी पांडे द्वारा उठाया गया यह सामाजिक कार्य अत्यंत सराहनीय है एवं सभी का मनोबल बढ़ाने वाला है। संस्था को इस तरह के सामाजिक कार्यों में हमारी जब भी जरूरत होगी हम हमेशा उन्हें सहयोग करते रहेंगे। संस्था ने प्रोजेक्ट जीविका साथी के अंतर्गत ट्रेनिंग सेंटर को इस शेरोज़ कैफे में ही खुलवाया है यह एक सीएसआर अर्थात कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी इनीशिएटिव है।

## नवनियुक्त निदेशक से मिला स्वास्थ्य महासंघ

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** बलरामपुर चिकित्सालय के नव नियुक्ति निदेशक डा. पवन कुमार अरुण से चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात एंव पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र के प्रधान महासचिव अशोक कुमार जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा उप्र एल टी महासंघ के महामंत्री कमल कुमार महासंघ के उपाध्यक्ष सर्वेश पाटिल, सत्य प्रकाश रजत यादव तथा प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी-योगी की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी : विधायक

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने किसानों को दुकान एवं चबूतरे आवंटित किये है। प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी की सरकारें किसानों की सच्ची हितैषी है और इसने किसानों के हाथों को मजबूत किया है। यह बातें भाजपा के विधायक डा.नीरज बोरा ने कही। शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में विधायक डा. नीरज बोरा के हाथों 150 से अधिक किसानों को आवंटन पत्र हुआ। महिला दिवस के उपलक्ष्य में कृषक महिलाओं को विशेष रुप से सम्मानित किया। विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि किसानों की यह मांग कई वर्षों पुरानी और जायज थी, जो आज पूरी हो रही है। दुकान और चबूतरों का आवंटन पत्र चरणबद्ध तरीके से वितरित होगा, जिसकी शुरुआत आज हुई। उन्होंने कहा कि यह चबूतरा आपके लिये आजीविका व कमाई का साधन बनेगा। किसानों ने लालच में आकर इस चबूतरे को बेच दिया तो ऐसा लगेगा कि आपने अपना पूरा संघर्ष बेच दिया। इसी के साथ घोषणा करता हूं कि जानकीपुरम में नटवीर बाबा मन्दिर के पास किसानों के लिए टीन शेड बनवाया जायेगा।

# लोहिया के निदेशक ने समस्याओं पर किया संवाद



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** संस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रो डॉ सीएम सिंह ने शुक्रवार को फैकल्टी से सीधा संवाद एवं संस्थान की ज्वलंत समस्याओं पर उनके शीघ्र निदान हेतु चर्चा की। प्रो डॉ सीएम सिंह के नेतृत्व में संस्थान के बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम की 40 सीटों को इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा मिली मान्यता। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थान के प्रवक्ता व मीडिया पीआर प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो डॉ एपी जैन द्वारा दिए गए निदेशक प्रो डॉ सीएम सिंह के प्रभावशाली जीवन वृतांत एवं प्रशंसनीय विस्तृत विवरण से हुआ। निदेशक ने लेक्चर थिएटर सभागार में मौजूद संकाय सदस्य फैकल्टी से सार्वजनिक पटल पर सीधा संवाद कर उनसे परिचय प्राप्त करते हुए संस्थान प्रशासन से उनकी अपेक्षाओं और संस्थान की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर उनके निदान हेतु संज्ञान लिया। संस्थान में संजय गांधी पीजीआई व अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान नई दिल्ली में प्रचलित व्यवस्थानुसार संस्थान के संकाय सदस्यों की प्रोन्नति की अर्हता पूर्ण करने की तिथि के उपरांत आने वाली 01 जुलाई से प्रोन्नत पद के वेतनमान का पुराने एरियर सहित भुगतान कराया जाना। संकाय सदस्यों के लिए आवास की व्यवस्था का विस्तार तथा वर्तमान आवास की आवश्यक मरम्मत हेतु कार्यों के प्रति संस्थान की कटिबद्धता। संस्थान के आचार्य पदों में वरिष्ठ पदों को नियमानुसार सृजित एवं अथवा हायर एकेडमिक ग्रेड पर अनुमन्य कराया जाना। संस्थान को नवीनतम ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित 'रोबोटिक सर्जरी पद्धति' का समावेश किया जाना। निदेशक ने अपनी स्वयं की कार्यालय अथवा दूरभाष पर 24 घंटे आवश्यकता पड़ने पर उपलब्धता और बिना अपॉइंटमेंट के संकाय सदस्यों से कभी भी मिल पाने की अभिगम्यता की उद्घोषणा की।

# नेशनल इण्टर कॉलेज में राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** देश के ग्रामीण क्षेत्र के कामगारों, हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विपणन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म लघु एंव मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार लखनऊ द्वारा नेशनल इण्टर कॉलेज में विपणन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का आयोजन 17 तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में कारीगरों-शिल्पियों द्वारा तैयार उत्पादों को बढावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर सृजित करना है। प्रदर्शनी में 75 स्टाल के माध्यम से प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों से 54 खादी एवं ग्रामोद्योगी संस्था प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित छोटी-छोटी औद्योगिक इकाईयाँ अपने उत्पादों की बिक्री-प्रदर्शनी कर रही है। इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ 06 मार्च को यशपाल सिंह उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मक्षे खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के कर कमलों से सम्पन्न किया गया। प्रदर्शनी में उप्र राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों के खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित प्रमाणित खादी ग्रामोद्योगी संस्थाएं इकाईयां, हस्तशिल्पियों आरईजीपी पीएमईजीपी इकाईयों तथा स्फूर्ति क्लस्टरों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उप्र राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों उत्तराखण्ड, बिहार पश्चिम बंगाल, राजस्थान तथा जम्मू कशमीर के उद्यमियों द्वारा 75 स्टाल लगाये गये हैं।

**संक्षिप्त आवाज़**

## नर्मदेश्वर मंदिर पहुंची शिव बारात

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** शिवरात्रि के महापर्व पर निराला नगर में चार पीढियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जेसी फ ाउंडेशन और धर्म रक्षा समिति सप्तर्षि कुलम की ओर तीन दिवसीय श्री शिव पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन मंडप स्थापना मंगल गीत शिव भजन वेद मन्त्रों का पाठ मातृ पूजन और यज्ञ के बाद गुरुवार को हल्दी तेल और पितृ पूजन के साथ भजन संध्या भी हुई। केन्द्रीय आयोजन महाशिवरात्रि के दिन शुक्रवार 8 मार्च की शाम को वर यात्रा निकाली गई। यह वर यात्रा केशव नगर के प्रतिष्ठित गंगेश्वर महादेव मंदिर से गाजे बाजे और जयकारों के साथ मुख्य पूजन स्थल निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। वहां यात्रा का स्वागत पुष्प फ ल मिष्ठान वितरण के साथ ही किया गया। महाशिवरात्रि पर पहली बार फ लों से तैयार बंधनवार को मंदिर परिसर में लगाकर बाबा नर्मदेश्वर से निरोगिता का वरदान मांगा गया। सुबह चार बजे भस्म आ रती की गई। छितवापुर स्थित शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों द्वारा आरती पूजन का कार्य किया गया। पांच सौ वर्षों के लम्बी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या तीर्थ में स्थापित बालक राम की छवि सदृश्य भव्य श्रृंगार बाबा नर्मदेश्वर का किया गया जो आकर्षण का केन्द्र बना।

## घर से वोटिग के लिए करे आवेदन : सीईओ

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा.निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्मं 12 डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्मं 12 डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्मं 12 डी प्राप्त किया जाएगा।


# भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी : अखिलेश

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी है। यूपी में आज कोई सुरक्षित नहीं है। यह बातें दुख जताते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहीं। उन्होने कहा कि प्रदेश में हर दिन हत्यायें हो रही है। भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है। अपराधियों, माफियाओं को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है। हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



इंडियन बैंक अंचल कार्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने इस अवसर पर महिलाओं की उत्तरोत्तर सहभागिता की सराहना करते हुए बैंक की महिला कर्मचारियों का सम्मान किया एवं उन्हें दीं शुभकामनाएं

# उद्यमियों को वित्तीय प्रोत्साहन देगी योगी सरकार





**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** देश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में योगी सरकार महत्वपूर्ण काम कर रही है। प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को योगी सरकार न सिर्फ वित्तीय प्रोत्साहन देगी। बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थीए जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम होगा। 24 घंटे होगी जल और बिजली की आपूर्ति उच्च शिक्षा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की इसके अतिरिक्त पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को ओपन एक्सेस के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके। नॉन.डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी होंगे लागू इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन.डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा। ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी। 247 एवम तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24 7 परिचालन और तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है। इन इकाइयों को निर्धारित प्रारूपों में स्व.प्रमाणन प्रमाण.पत्र दाखिल करने की अनुमति है। इनमें फैक्ट्री अधिनियम मातृत्व लाभ अधिनियम दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम अनुबंध श्रम अधिनियम वेतन भुगतान अधिनियम न्यूनतम वेतन अधिनियम एवं रोजगार कार्यालय; रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना अधिनियम शामिल है।

SA NEWS **स्पष्ट आवाज़**

लखनऊ, शनिवार, 9 मार्च, 2024

विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, चतुर्दशी (कृष्ण पक्ष)




आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।

**अरस्तु**

# सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।


भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।


उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे-इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।

मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है।

इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन-देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक-साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए। वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे।

दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

## आज का इतिहास

1822 - चार्ल्स एग ग्राहम ने पहली बार नकली दांतो का पेटेंट कराया।

1860 - अमेरिका का पहला जापानी दूतावास सैन फ्रांसिस्को में खोला गया।

1864 - प्रख्यात मराठी लेखक हरि नारायण आप्टे का जन्म।

1915 - प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार डॉ. नागेन्द्र का जन्म।

1925 - रॉयल एयर फोर्स ने दक्षिण वजीरिस्तान में महसूद आदिवासियों के पर्वतीय इलाकों में बमबारी और अभियान शुरू किया।

1934 - सोवियत संघ के विमान चालक और अंतरिक्षयात्री यूरी गागरीन का जन्म।

1946 - जूहो कुस्ति पासीकिविन फिनलैंड के राष्ट्रपति बने।

1951 - प्रख्यात भारतीय तबला वादक उस्ताद ज़ाकिर हुसैन का जन्म।

1956 - भारत के प्रसिद्ध राजनयिक शशि थरूर का लंदन में जन्म।

1961 - डमी मानव के साथ रूसी अंतरिक्ष यान स्पूतनिक 9 का सफल प्रक्षेपण हुआ।

1985 - भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी पार्थिव पटेल का जन्म।

1986 - सैटेलाइट आधारित पहला चेलिफोन संपर्क नेटवर्क औपचारिक रूप से शुरू हुआ।

1999 - सेंट्रल बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने ब्रिटिश उद्योगपति स्वराज पॉल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की।

1999 - फ्रांसिस्को फ्लोरेस अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति बने।

2004 - पाकिस्तान ने 2000 किमी. की मारक क्षमता वाले %शाहीन-2% का सफल परीक्षण किया।

2005 - थाक्सिन शिनवात्रा थाइलैंड के प्रधानमंत्री चुने गए।

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता?

अजीत द्विवेदी

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं?

आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।

यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।

अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। %देयर इज नो ऑल्टरनेटिव' यानी %टीना' फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है।

अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि %सोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिव' यानी %सीटा बनाम टीना' फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। शाइनिंग इंडिया' और फीलगुड' के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।

ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है।

# मानवता की तबाही की कीमत पर कमाई

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

युद्ध हमेशा विनाश लाते हैं। इससे हमेशा मानवता का विनाश हुआ है। हर युद्ध अपने पीछे भयावह चिह्न छोड़ जाता है। भारत की भी नीति '' वसुधैव कुटुम्बकम् '' की रही है, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ की रणनीति यह रही है कि विश्व में युद्ध चलते रहने चाहिए। संभवत~ यही कारण है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। वहीं हमास और इजराइल के बीच युद्ध छिड़े हुए लगभग पांच महीने का समय गुजर चुका है, लेकिन इनका कोई अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इजराइल युद्ध मानवता के लिए बरबादी का सबब हैं, जबकि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों के लिए ये कमाई का साधन बन गए हैं। संपूर्ण विश्व में युद्ध चलता रहे, अमेरिका व पश्चिमी देशों के लिए यह फायदे की बात है। तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध शांत नहीं हुआ। हमास के लड़ाकों ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमला किया था। उसके बाद इजराइल ने हमास के ठिकाने वाली गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले कर एक हिस्से को तो बकायदा कब्रिस्तान में तब्दील कर दिया। गौरतलब है कि यूक्रेन-रूस युद्ध को दो वर्ष से अधिक हो चुके हैं। परंतु इस युद्ध को रोकने के लिए न तो अमेरिका और न ही रूस गंभीर है। अहम सवाल यह है कि क्या कारण है, जिसके चलते ये देश युद्ध खत्म नहीं करना चाहते? वे इन युद्धों को लंबा क्यों खींचना चाहते हैं? क्या उन्हें इन युद्धों में मारे जाने वाले लोगों और इससे होने वाली क्षति की कोई चिंता नहीं है? इसके पीछे उनकी क्या मंशा है? सर्वविदित है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई और बड़े पैमाने पर विनाश हुआ, फिर भी युद्ध का कोई अंत नहीं दिख रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस युद्ध से रूस की सेना की जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा बनी हुई थी, वह भी प्रभावित हुई है। दो वर्ष के लंबे संघर्ष के बावजूद रूस अब तक यूक्रेन के केवल 17 फीसदी हिस्से पर ही कब्जा कर सका है। इसी तरीके से देखा जाए तो हमास और इजराइल के बीच चलने वाला युद्ध भी अंतहीन लग रहा है, क्योंकि एक ओर जहां अमेरिका और नाटो देश इजराइल के साथ खड़े हैं। वहीं दूसरी ओर हमास के समर्थन में कई अरब देश हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच हथियारों का प्रयोग एवं प्रदर्शन जमकर हो रहा है। वास्तव में हमले के एक वर्ष बाद अमेरिका और रूस ने अपने सैन्य हथियारों का परीक्षण एवं प्रदर्शन करने के लिए युद्ध क्षेत्रों का उपयोग किया। ऐसा लगता है, मानो दोनों पक्ष अपने हथियारों की बिक्री और प्रदर्शन करना चाहते हैं। ध्यातव्य है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जनरल आइजनहावर ने स्वीकार किया था कि अमेरिका एक 'सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान' है। यूक्रेन युद्ध और गाजा पट्टी पर इजराइल का हमला इस बात के ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धविराम के जरिये समझौता किया जा सकता था, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ के निहितार्थों ने इस होने नहीं दिया। वर्ष 2023 में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एवं ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा था, %यदि आप रूस के आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन की रक्षा में हमारे द्वारा किए गए निवेश को देखें, तो हमने जो सुरक्षा सहायता प्रदान की है, उसका 90 फीसदी वास्तव में अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग एवं प्रोडक्सन पर खर्च किया गया है। इसी का नतीजा है कि अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हुए और अर्थव्यवस्था का ज्यादा विकास हुआ। यह





हर युद्ध अपने पीछे भयावह चिह्न छोड़ जाता है। भारत की भी नीति `` वसुधैव कुटुम्बकम् '' की रही है, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ की रणनीति यह रही है कि विश्व में युद्ध चलते रहने चाहिए। संभवत~ यही कारण है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। वहीं हमास और इजराइल के बीच युद्ध छिड़े हुए लगभग पांच महीने का समय गुजर चुका है, लेकिन इनका कोई अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है।


हमारे लिए फायदे का सौदा है, जिसे हमें जारी रखने की जरूरत है।% अमेरिका की विदेश नीति पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि हथियार हस्तांतरण और रक्षा व्यापार अमेरिकी विदेश नीति के महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिकी सरकार ने 80 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सामग्री की बिक्री के लिए सीधे सौदा किया। यह सौदा वर्ष 2022 से 56 प्रतिशत अधिक है। यूक्रेन के विदेशमंत्री दिमित्रो इवानोविच कुलेबा ने हाल ही में एक बयान में कहा कि प्रतिदिन युद्ध की लागत 13.6 करोड़ डॉलर है। अमेरिकी हथियारों की विदेशों में बिक्री पिछले साल तेजी से बढ़ी, जो रिकॉर्ड कुल 238 अरब डॉलर तक पहुंच गई, क्योंकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हथियारों की मांग बढ़ा दी। यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के बाद से अमेरिका 113 अरब डॉलर और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को 91 अरब डॉलर सैन्य और वित्तीय सहायता प्रदान की। अमेरिकी की प्रमुख समाचार एजेंसी पोलिटिको ने दावा किया है कि %व्हाइट हाउस% चुपचाप दोनों दलों-डेमोक्रेट एवं रिपब्लिकन के सांसदों से आग्रह करता है कि वे घरेलू आर्थिक समृद्धि के लिए अन्य देशों में युद्धों को बढ़ावा दें। दोनों दलों के नेता रूस का प्रतिरोध करने के लिए यूक्रेन को सहायता देने का समर्थन करते रहे हैं, ताकि यह साबित किया जा सके कि ऐसा करना अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए अच्छा है। यहां तक कि यह काम कुछ मीडिया घराने भी करते हैं। बड़े रक्षा निगमों के शीर्ष अधिकारियों की शक्तिशाली पदों पर बैठे अमेरिकी राजनेताओं के साथ गहरी सांठगांठ है। वास्तविकता तो यह है कि अमेरिकी सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान के समर्थक पूरे सरकारी और अर्ध-सरकारी तंत्र में पैठ बनाए हुए हैं। लॉबिस्ट राजनेताओं के साथ सावधानीपूर्वक मिलीभगत करते हैं। बड़ी रक्षा कंपनियां, थिंक टैंक और अन्य संबद्ध संस्थानों के संरक्षक की भूमिका में होते हैं। ये ऐसे लोग हैं जो हथियार विक्रेताओं के लिए एजेंडा सेटिंग का काम करते हैं। यूक्रेन युद्ध में अमेरिका रूसी रक्षा उद्योग को पूरी तरह से विफल होता देखना चाहता है। वह विश्व में रूसी हथियार निर्माताओं को निकृष्ट साबित कर उनको निर्यात से मिलने वाले धन से वंचित करना चाहता है। लेकिन, यह कितनी अजीबो गरीब बात है कि युद्ध जो लगातार मानवता का विनाश कर रहे हैं। विभिन्न देशों के आधारभूत ढांचे को तबाह कर रहे हैं। हजारों लोगों की जान जा रही है लेकिन अमेरिका और यूरीपीय संघ के देश तबाही की कीमत पर अपने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि विश्व शांति के लिए गठित संयुक्त राष्ट्र संघ क्या कर रहा है? क्या ऐसे ही विनाश होता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र संघ मौन बना रहेगा?

# लोकसभा चुनाव: यादें सुकुमार सेन और टी.एन. शेषन की

**आर.के. सिन्हा**

एक बार फिर देश लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव की घोषणा अब कभी भी हो सकती है। देश में चारों तरफ लोकसभा चुनाव का माहौल बनता ही चला जा रहा है। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और खासमखास उत्सव भी है। इस उत्सव में इस बार 86 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 47 करोड़ महिला वोटर होंगी। इस उत्सव में देश के 28 राज्य और नौ केंद्र शासित शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक करवाने की जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ सरकारी अफसरों पर होगी। करीब सवा करोड़ मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाता देश के 543 लोकसभा सांसदों का चुनाव करेंगे। यह सब आंकड़े गवाह हैं कि भारत से बड़ा और व्यापक संसदीय चुनाव विश्व भर में कहीं और नहीं होता। बहरहाल, भारत में अब तक लोकसभा के 17 चुनाव हो चुके हैं। पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं। लेकिन, संसदीय क्षेत्रों की संख्या




401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से सिर्फ एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। वहीं 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था। वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे। किसी संसदीय क्षेत्र में एक से अधिक सदस्य चुनने की यह व्यवस्था 1957 तक जारी रही। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के सामने कांग्रेस के नेतृत्व वाला आई.एन.डी.आई.ए. के नाम से कई राजनीतिक दलों का एक समूह होगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि दो महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दल,ओडिशा में बीजद और पंजाब में अकाली दल अकेले ही चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, हर बार की तरह से चुनाव कराने की जिम्मेदारी रिटर्निंग अधिकारियों की होगी। हरेक संसदीय क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त होता है। आमतौर पर, जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) अपने जिले के एक या एक से अधिक संसदीय क्षेत्रों के लिये रिटर्निंग ऑफिसर होता है। लेकिन, बहुत से ऐसे संसदीय क्षेत्र ऐसे भी होते हैं जो दो या तीन छोटे जिले में बंटे होते हैं, जिनमें रिटर्निंग ऑफिसर पड़ोसी जिले से भी नियुक्त हो सकता है। फिर, चुनाव पर पर्यवेक्षकों की नजर भी रहती है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के लाखों कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस मिलकर चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करवाते हैं। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पाते हैं कि संविधान सभा ने नवंबर 1949 में देश चुनाव आयोग की स्थापना को अधिसूचित किया था, और अगले वर्ष मार्च में, भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) के अफसर श्री सुकुमार सेन को भारत का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। वे पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव रहे थे। सुकुमार सेन की ही देखरेख में देश का पहला लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ था। वे 21 मार्च 1950 से 19 दिसंबर 1958 तक भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त रहे।

उन्होंने ही स्वतंत्र भारत के पहले दो आम चुनाव, 1951-52 और 1957 को सम्पन्न करवाया था। उन्होंने 1953 में सूडान में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में भी कार्य किया था। उनकी शिक्षा प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता और लंदन विश्वविद्यालय में हुई थी। बाद में उन्हें गणित में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। 1921 में सेन भारतीय सिविल सेवा में शामिल हुए और एक आईसीएस अधिकारी और न्यायाधीश के रूप में विभिन्न जिलों में कार्य किया। 1947 में उन्हें पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। पहले आम चुनाव में 21 या उससे अधिक उम्र के करीब 18 करोड़ मतदाता थे पूरे देश में। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत पढ़ या लिख नहीं सकते थे।

# दस साल बाद भी विमान लापता है!



श्रुति व्यास

क्या आपको एमएच 370 याद है? वह फ्लाइट जो आकाश से अचानक गायब हो गई थी और जिसका फिर कुछ पता ही नहीं चला? रू॥370 रू4ह्यह्लद्गह्म्4

इस विशाल हवाईजहाज़ का एक छोटा-सा टुकड़ा तक नहीं मिला। कोई खिड़की, पंख का टूटा हुआ हिस्सा, कोई कटा-फटा सूटकेस जिसमें मरने वाले के कपड़े अभी भी हों, कोई उखड़ी हुई सीट जिसमें एक क्षत-विक्षत कंकाल सीट बेल्ट से बंधा हो, उसकी निर्जीव उंगलियां हैंडल को पकड़े हुई हों और उसके मुंह पर आखिरी साँस लेने के ठीक पहले की ऐंठन हो। कुछ भी नहीं मिला। एकदम नहीं।

आल राईट, गुड नाईट ये वे आखिरी शब्द थे जो एमएच 370 से प्रसारित किये गए और 8 मार्च 2014 को एयर ट्रेफिक कण्ट्रोल द्वारा सुने गए।

उस समय विमान थाईलैंड के फुकेट नामक द्वीप के नज़दीक था। और फिर न जाने क्या हुआ कि ये अत्याधुनिक बोईंग 737 अदृश्य हो गया। यह जहाज़ सेटेलाइट ट्रेकिंग और सतत संवाद के आधुनिकतम उपकरणों से लैस था। मगर फिर भी हमें नहीं पता कि वो कहाँ गया।9/11 से पहले से ही डरे हुए विमान यात्रियों के लिए यह घटना एक नया खौफ लेकर आई।

इस विमान के लापता होने के बाद के शुरूआती सालों में हर कोई उसके रहस्य पर से पर्दा उठाने में जुटा रहा। विमान के गायब होने के बाद कुछ दिनों तक उसके बारे में इतनी कम जानकारी उपलब्ध थी कि मध्य एशिया के कजाकिस्तान से लेकर अंटार्टिका तक के विशाल भूभाग में उसे खोजा जा रहा था। यह मामला लंबे समय तक सुर्खियों में बना रहा। अंतत~ विमान का क्या हुआ, वह कहाँ गिरा, दुर्घटना की वजह क्या थी, क्या कोई जिंदा बचा - इस सबके बारे में कयास लगाए जाते रहे।हर नई खबर और हर नई जानकारी विमान या उसके मलबे की खोज के लिए चल रहे अभियान में जनता की रूचि दुबारा जगा देती थी। घटना के बाद के हफ्तों, महीनों और सालों में उपग्रहों और रडार डाटा और यहां तक कि समुद्र की लहरों के प्रवाह की दिशा के विश्लेषण से खोज का इलाका सिमटकर छोटा होता गया। खोज अभियान में करोड़ों डालर खर्च हो गए। मामले का राजनीतिकरण भी हुआ और मलेशिया को खलनायक बताया गया। जितने मुंह उतनी बातें। तरह-तरह के कारण सुझाए गए। साजिशों की बात भी आई। जहाज़ के कप्तान को 239 यात्रियों का हत्यारा भी बताया गया। उनके परिवार को भद्दे तानों और गालियों का निशाना बनाया गया।


आज दस साल बाद भी उनका परिवार अलग-थलग रह रहा है। इसके अलावा यह आशंका भी व्यक्त की गई कि जहाज़ के गायब होने में किसी नापाक देश की किसी नापाक संस्था का हाथ है, जिसने या तो विमान को मार गिराया या उसे गायब करवा दिया। या विमान को किसी खुफिया जगह पर उतारा गया क्योंकि उसमें संवेदनशील प्रकृति का कोई सामान था या राजनैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कोई व्यक्ति सवार था।कई महीनों तक इसके लापता यात्रियों के बारे में जांच-पड़ताल चलती रही। ऐसे आरोप लगाए गए कि उनमें से किसी एक ने या उनमें से कुछ ने मिलकर विमान पर कब्जा कर उसके सभी यात्रियों को सामूहिक हत्या-आत्महत्या की साजिश का शिकार बना दिया। इसके अलावा कम नाटकीय वजहों पर भी विचार किया गया जिनमें किसी व्यक्ति का कोई हाथ न रहा हो, जैसे विद्युत प्रणाली का नाकाम हो जाना, आग लग जाना या काकपिट में अचानक वायु के दबाव में कमी आ जाना। ढ़ाई साल के विश्लेषण, कयासों, चर्चाओं और अनुमानों के बाद एमएच 370 ने टाईटन के डूबने की तरह एक ऐतिहासिक घटना का दर्जा हासिल कर लिया।

कोरा पर एक अत्यंत जिज्ञासु व्यक्ति ने प्रश्न पोस्ट किया: क्या आप मानते हैं कि एमएच 370 के यात्री टीवी शो लॉस्ट' के पात्रों की तरह जीवित हैं? एक आशावादी ने इसका जवाब दिया (जिसे 28 लाख लोगों ने पढ़ा) -मैं व्यावहारिक तो हूँ लेकिन मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि इस विमान के यात्री लॉस्ट' की तरह जी रहे हैं।

# हिन्दी पत्रकारिता के पितामह-प्रताप नारायण मिश्र

**राम किशोर**

भारतेन्दु युग के जिन अग्रणी , प्रतिष्ठित एवं प्रखर पत्रकारों - साहित्यकारों का उल्लेख होता है उनमें श्री प्रताप नारायण मिश्र का नाम अत्यंत आदर और सम्मान से लिया जाता है । न तो हम झुकेंगे और ना ही हम डरेंगे - अपने सिद्धांतों और विचारों पर अडिग रह कर हम आगे बढ़ते जाएंगे , को आधार और जीवन मूल्य मानकर अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर कदम बढ़ाते रहने वाले प्रताप नारायण मिश्र जी का जन्म 24 सितंबर सन् 1856 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के बैजेगांव ( बेथर ) में हुआ था । आपके पिताजी का नाम संकठा प्रसाद मिश्र था । भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम , 1857 , के एक वर्ष पूर्व मिश्र जी का जन्म हुआ था । देशवासी आत्म सम्मान की लड़ाई लड़ रहे थे । कंपनी का राज समाप्त होकर अंग्रेजी सरकार ने अपनी हुकूमत स्थापित कर ली थी । ऐसे ही वातावरण में प्रताप नारायण मिश्र जी की शिक्षा - दीक्षा हुई । प्रताप नारायण मिश्र जी के पिता जी संकठा प्रसाद जी , केवल जनपद उन्नाव में ही नहीं वरन् आसपास के कई जिलों में एक सुप्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित ज्योतिषी के रूप में विख्यात थे । पिता की कामना थी कि उनका पुत्र भी अपने पैतृक गुणों को अपनाए और ज्योतिष विद्या में अपनी प्रतिभा की किरणें बिखरे । घर पर अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद प्रताप नारायण जी कानपुर आ गए । सन् 1871 तक उन्होंने कानपुर के मिडिल स्कूल और क्राइस्ट चर्च स्कूल में शिक्षा पाई ।पिताजी ने बहुत प्रयत्न किया कि प्रताप नारायण मिश्र जी ज्योतिष विद्या सीख लें और उसमें पारंगत हों परंतु उनका मन नहीं लगा । एंट्रेंस की परीक्षा पास किए बिना ही आपने पढ़ाई छोड़ दी और स्वाध्याय के बल पर साहित्य साधना में जुट



गए । 27 वर्ष की अल्प आयु में , 15 मार्च , सन् 1883 को अपने कुछ मित्रों के सहयोग एवं सहायता से प्रताप नारायण मिश्र जी ने ब्राह्मण पत्र का संपादन और प्रकाशन आरंभ किया । पत्रकारिता के इतिहास में इसे निर्भीक पत्रकारिता की नींव के पत्थर के रूप में जाना जाता है । यह जन -साधारण का पत्र था । इसमें लेख , समाचार , संपादक के नाम पत्र आदि सामग्री नियमित रूप से प्रकाशित होती थी । संपादक के नाम पत्र प्रकाशित करना , जनता को अभिव्यक्ति का माध्यम उपलब्ध कराना था । इसके माध्यम से जन- समूह की कठिनाइयों , समस्याओं को स्थानीय शासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता था और जनता में जागृति का भी संचार होता था । ब्राह्मण जाति , धर्म या वर्ग विशेष का पत्र न था और ना ही इसकी सामग्री किसी एक विषय पर केंद्रित हुआ करती थी । यह साहित्यिक पत्र था जिसमें समाज के सभी वर्ग के होनहार चिंतक और विचारक लिखा करते थे । इसके उद्देश्यों के रूप में प्रताप नारायण जी ने घोषणा की थी --- हम ब्राह्मण नहीं हैं कि केवल दक्षिणा के लिए ठाकुर सुहाती करें । अपने काम से काम , कोई बने या बिगड़े , प्रसन्न रहे या अप्रसन्न रहे । अंतःकरण से वास्तविक भलाई चाहते हुए अपने ग्राहकों का कल्याण करना ही हमारा मुख्य कर्तव्य होगा । यहां ग्राहकों का तात्पर्य पाठकों से है जो जनसाधारण हुआ करते हैं । सामाजिक सरोकारों के उद्देश्य से निकाले जाने वाले पत्र को निर्भीक होना ही पड़ता है अन्यथा वह अपने घोषित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर सकता । प्रताप नारायण जी ने ब्राह्मण का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता , भाषा और साहित्य के इतिहास में एक नए युग का शुभारंभ किया था । उन दिनों कानपुर हिंदी का गढ़ था । जिस उत्साह , लगन , श्रम और त्याग से आपने इस पत्र का संपादन किया वह गौरवशाली इतिहास बन चुका है । ब्राह्मण के जो भी अंक उपलब्ध हैं उन्हें देखने से अनुमान लगाया जा सकता है कि तत्कालीन समय में भाषा का स्वरूप कैसा था , अभिव्यक्ति का दायरा कितना विस्तृत था और सामाजिक चेतना की क्या स्थिति थी । ब्राह्मण में देश के सभी सुप्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित , जाने-माने लेखक और साहित्यकार लिखा करते थे । बाबू राधा कृष्ण दास , भारतेंदु हरिश्चंद्र , अयोध्या सिंह उपाध्याय , बद्री दीन शुक्ला , काशी नाम खत्री , राधाचरण गोस्वामी , श्रीधर पाठक जैसे रचनाकारों - साहित्यकारों की रचनाएं ब्राह्मण में प्रकाशित होती रहती थीं ।

ब्राह्मण में समालोचना शीर्षक से पुस्तकों की समीक्षा भी छपती थी । उस समय तक समालोचना के सिद्धांत का निरूपण नहीं हुआ था और ना ही विविध विषयों की अधिक पुस्तकें ही प्रकाशित होती थीं फिर भी समालोचना कर पुस्तक की उपयोगिता और गुण-दोषों का दिग्दर्शन तो किया ही जाता था । समाज का प्रत्येक व्यक्ति उसे अपना समाचार पत्र समझता था और ब्राह्मण भी इस अपनत्व को प्रगाढ़ करते हुए समाज की कठिनाइयों की बातें शासन के सामने लाने की भरपूर कोशिश करता था । ब्राह्मण की भाषा में मिठास थी । मिश्र जी हिंदी गद्य को सहज , सुगम और प्राणवन्त स्वरूप प्रदान करने के लिए सर्वदा - सर्वदा याद किए जाते रहेंगे ।


● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

स्पष्ट आवाज़ SA NEWS

# महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने की देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही मंदिर और शिवालय हर-हर महादेव,बम-बम बोले के उद्घोष से गुंजायमान हो उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को धतूरा, बेल पत्र आदि चढ़ाकर पूजा-पाठ कर आशीर्वाद लिया।कई जगहों पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इससे पहले भव्य रूप से शिव मंदिरों को सजाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के सुप्रसिद्ध इकोत्तरनाथ मंदिर सहित कई शिव मंदिरों पर शिवालयों में पूजा-पाठ के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरु हो गया। भोले के भक्तों ने गंगा स्नान



करने के बाद शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद धतुरा, भांग, आम बौर, बेर, जौ की बाली, बेलपत्र, फूल माला चढ़ाया। वहीं श्रद्धालुओं ने शिवालयों में रुद्राभिषेक भी किया। भगवान शिव का प्रिय दिन फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को होता है। मान्यता है कि इस दिन उपवास रखा जाता है। इसे लेकर पर्व का विशेष महत्व होता है। इन्हीं सब महत्वों को देखते हुए श्रद्धालुओं ने विधि विधान से देवों के देव महादेव की पूजा की।जगह-जगह लोगों ने भंडारा का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया।शिव बारात निकाली। इस दौरान शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने मंदिर पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान लोगों ने मंदिर में अखंड पाठ भी कराए। कई अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। भंडारे भी लगे जो देर शाम तक चलते रहे। तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित,थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार,चौकी प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस टीम के साथ मंदिर पर मौजूद रहे। इसके अलावा हरदोई ब्रांच नहर पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर भी शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी स्नान ध्यान कर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी गई। देर शाम तक गांव में लोग शिव गीतों पर थिरकते नजर आए।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में शुक्रवार को भारत के फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के अवसर पर ''राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस'' मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतिकुलपति-रिसर्च एवं डेवलपमेंट व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा, मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र राणा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमिता राणा, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार तथा साहू ओमकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक प्रो. अरुण कुमार मिश्र के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। वहीं छात्र-छात्राओं को प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफके इतिहास के साथ-साथ फार्मेसी के दायरे के बारें में बताया गया।

## भाजपा कार्यकर्ता गावों में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से कर रहे सम्पर्क

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता गावों में घर घर जाकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क कर रहे हैं। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मण्डल की तिलकारपुर शक्ति केंद्र की नरकटा वैरागीपुर बूथ पर मण्डल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया, अनुराग त्रिपाठी के साथ लाभार्थियों से सम्पर्क एवम संगठनात्मक बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की जनता को अपना परिवार समझते हैं।मोदी जी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की केंद्र सरकार अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को भी मुख्यधारा में शामिल के लक्ष्य के साथ 10 वर्षों के अपने कार्य काल पूरा कर रही है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा से निरंतर ऐसी ऐसी योजनाएं लागू कर रही है जिससे गरीब की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब कल्याण,



महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषित प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय ने बेवाना मंद की समोखपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 346 उमरपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, भाजपा जिलामंत्री विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा, रवि सिंह चौहान, दीपक निषाद के साथ घर घर सम्पर्क कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भाजपा सरकार ने 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे गरीब, किसान, महिला और युवा लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर किए हैं। गांव - गांव में बिजली पहुंचाया है। करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ देते हुए उनकी सरकारी धन से इलाज करवाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान का मालिक बनाया। देश आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि जनपद के सभी 23 मंडलों में भाजपा कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं से अच्छादित परिवारों से घर घर जाकर सम्पर्क कर रहे हैं।

## संक्षिप्त आवाज़

### ट्रक की टक्कर से चालक की मौत

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। खुटार असाम हाईवे पर स्थित किसान सहकारी चीनी मिल के पास दो ट्रकों की आपसी भिडंत हो गई थी। जिसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। किछा थाना क्षेत्र के गांव दरऊ निवासी अकील खां ने वताया कि उसका भांजा फुरकान पांच मार्च को जसपुर से माल लेकर ट्रक से जा रहा था। पूरनपुर आसाम हाईवे पर तेज गति से आ रही ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिया।जिससे उसकी गाडी से टकरा गई। जिससे मौके पर ही फुरकान की मौत हो गई। पडताल करने के बाद कोतवाली पुलिस ने मृतक के शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। टक्कर में गाडी छतिग्रस्त हो गई। मामले की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी मामला दर्ज

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। विदेश भेजने का झांसा देकर जाल साजों ने युवक से लाखों रुपए ऐंठ लिए। आरोप है कि जब वह अपने रुपए मांगने गया तो उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की ओर रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलडहा निवासी नरायन सिंह ने वताया कि एक साल पहले उसकी मुलाकात गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति से हुई। आरोपी ने मलेशिया मैं काम दिलाने का झांसा दिया। जिसकी बातों में नारायण सिंह आ गया। आरोपी ने नौकरी दिलवाने के लिए पांच लाख रुपये मांगे लेकिन इतने रुपये न होने की वात पीडित ने की। जिस पर आरोपी ने मई माह में गेंहू की बिक्री के एक लाख पचास हजार रुपये ले लिए। जून को पचास हजार रुपये अपने भाई के खाते ट्रांसफर करा लिए। काफी समय वीत जाने के बाद भी वह विदेश नही जा चुका। आरोपी से पूछने पर वह टाल मटोल करने लगा। 15 नवंबर 2023 को पीड़ित ने आरोपी से अपने रुपए वापस मांगे, जिस पर आरोपी ने उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने अपने भाई और पिता के साथ मिलकर उसकी पिटाई लगा दी। दोबारा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। रुपए भी चले गए और वह विदेशी भी नहीं जा सका। मामले की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने राजीव,बैजनाथ व पिता ध्यान सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी।

### मासूम से दरिंदगी करने वाला युवक, मुठभेड़ में गिरफ्तार

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)थाना बिनावर क्षेत्र से एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है,जहां थाना क्षेत्र निवासी एक युवक द्वारा अपने ही गांव निवासी दो वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है।बताया



जाता है आरोपी बालिका को पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया था।पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में थाना बिनावर पुलिस को बृहस्पतिवार को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम पालिया झंडा निवासी एक युवक द्वारा गांव की ही दो वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया है जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।थाना पुलिस द्वारा एसएसपी आलोक प्रियदर्शी तथा पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना बिनावर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार की अगुवाई में आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही में बृहस्पतिवार देर रात्रि आरोपी संजय पुत्र राजेश्वर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि थाना बिनावर पुलिस को बृहस्पतिवार को सूचना मिली कि एक 20 वर्षीय युवक द्वारा 2 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्काल अपनी जांच पड़ताल शुरू कर बालिका को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया,जहां डॉक्टरों की टीम बुलाकर बालिका का उपचार कराया गया।उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा मौके पर दविश दी गई थी जहां आरोपी द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया,इसको भी उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मालवीय आवास गृह पर पश्चिम बंगाल को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया,जिसके बाद मोर्चा द्वारा कार्यवाही कराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक



ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अमिता उपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंतर हो रही घटनाएं,47 दिन पहले ईडी अधिकारियों पर हमला और शहजाद शेख के फरार होने के बाद सामने आई थी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और धार्मिक कारणों से प्रेरित यह कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं,उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार यौन उत्पीड़न की घटनाएं लगातार निकालकर सामने आ रही हैं।मोर्चा की जिला महामंत्री करुणा सोलंकी ने कहा कि राजनीतिक,धार्मिक और आर्थिक मुद्दों में महिलाओं एवं बच्चों को निशाना बनाना अत्यंत अमानवीय,अपमानजनक एवं पीड़ा दायक है हम इन घटनाओं की घोर निंदा करते हैं।इस मौके पर रेनू सिंह,मोनिका गंगवार,रचना शंखधार,हेमा सिंह,जया साहू,बबली शर्मा, ममता साहू,प्रीति शर्मा,राना शमीम, ममता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

## बीडीसी व प्रधानों को ठेस पहुंचाने वाले बीडीओ को तत्काल हटाया जाए :आशुतोष दीक्षित


पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) निवर्तमान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू ने विकासखंड में व्याप्त मनमानी प्रधान एवं बीडीसी से खंड विकास अधिकारी द्वारा सौतेला व्यवहार व क्षेत्र पंचायत की करोड़ों की धनराशि का नियम विरुद्ध अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के संबंध में कहा कि मैं अपने सभी ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि क्षेत्र पंचायत निधि को नियम विरुद्ध ठिकाने नहीं लगाने दिया जाएगा और सभी विकास कार्य सरकार की मनसा रूप ही कराए जाएंगे मैं अपने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ खड़ा हूं और सदैव भी रहूंगा विकासखंड में कोई भी कार्य नियम विरोध नहीं होने दिए जाएंगे तथा खंड विकास अधिकारी द्वारा अपने ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अधिकारों का हनन सहन नहीं होगा श्री दीक्षित ने कहा कि विकासखंड



अधिकारी की मनमानी पर अंकुश लगाते हुए शासन की मनसा अनुरूप विकास कार्य नियम अनुसार संपन्न कराए जाएंगे यदि उक्त के विरुद्ध कोई अधिकारी मनमानी करता है तो उसके खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा श्री दीक्षित ने कहा कि प्रधानों बीडीसी सदस्यों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले अधिकारी को तत्काल हटाया जाएगा जिससे क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत में मनमानी समाप्त हो सके और नियमानुसार विकास कार्य संपन्न हो सके।

# ओपीडी सेवा शुरू,कैंसर मरीजों को मिलेगी राहत

मुरादाबाद। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज (नई दिल्ली) ने मुरादाबाद स्थित मैक्स मेड सेंटर में कैंसर मरीजों के लिए ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवा लॉन्च की है। ये ओपीडी सेवा मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ निदेशक डॉ. समीर खत्री की उपस्थिति में शुरू की गई, जो हर महीने के पहले शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मैक्स मेड सेंटर मुरादाबाद में प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी सेवा लॉन्च के इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ निदेशक डॉ. समीर खत्री ने कैंसर के इलाज में व्यापक दृष्टिकोण की बात पर जोर दिया और कहा, श्कैंसर के इलाज में काफी सकारात्मक बदलाव हुए हैं, और हम इनोवेशन व एक्सीलेंस के मामले में सबसे आगे हैं. कैंसर के इलाज के लिए अलग-अलग स्पेशलिस्ट के



सहयोग की जरूरत पड़ती है. जिसके लिए हमारे अस्पताल में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ हैं. इस टीम की मदद से हम कैंसर मरीजों को बेस्ट से बेस्ट इलाज मुहैया कराने में सक्षम हैं. मुरादाबाद में ये ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवा शुरू होने से यहां के मरीजों को प्राथमिक परामर्श व फॉलो अप के लिए दूसरे शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने नजदीक ही वर्ल्ड क्लास हेल्थ केयर मिलेगी।मैक्स मेड सेंटर मुरादाबाद की प्रतिबद्धता मरीजों को एडवांस इलाज मुहैया कराने की है जिसका आसपास के कैंसर मरीजों को लाभ मिल सके. चाहे बात इम्यूनोथेरेपी की हो, जिसके जरिए इम्यूनिटी बढ़ाकर कैंसर से लड़ाई में मदद की जाती है. इसके अलावा टारगेटेड थेरेपी, जिसमें कैंसर सेल्स के नेचर को देखते हुए उसे टारगेट किया जाता है. मरीज की जेनेटिक हिस्ट्री को देखते हुए हर पेशंट के लिए अलग-अलग दवाएं चलाई जाती हैं और पेशंट की अपनी हर तरह स्थिति के हिसाब से इलाज प्लान किया जाता है। डॉक्टर खत्री ने आगे कहा, श्कैंसर के इलाज बहुत ही शानदार प्रगति हुई है। अब हम उस स्थिति में है जहां मरीज के हिसाब से पर्सनलाइज्ड और टार्गेटेड थेरेपी दी जाती है, जो ज्यादा असरदार होती है और कम इनवेसिव होती है। इस थेरेपी से मरीज के लिए अच्छे रिजल्ट आते हैं. इस तरह के इनोवेशन कैंसर के इलाज में हो रहे बदलाव को दर्शाते हैं और इनकी मदद से कैंसर के मरीजों का इलाज सफल हो पाता है। अस्पताल के डिजीज मैनेजमेंट ग्रुप्स (डीएमजी) स्पेसिफिक ऑर्गन सिस्टम के हिसाब से भी इलाज पर फोकस करते हैं. अलग-अलग कैंसर के लिए अलग डीएमजी होते हैं जैसे स्तन कैंसर डीएमजी, थोरेसिक कैंसर डीएमजी और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर डीएमजी. ये ग्रुप्स स्पेसिफिक ऑर्गन सिस्टम पर फोकस करते हैं और टारगेटेड ट्रीटमेंट देते हैं. इसके अलावा ट्यूमर बोर्ड कैंसर के इलाज में फैसला लेने में अहम रोल निभाता है. इस बोर्ड में मेडिकल, सर्जिकल टीम के अलावा रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट होते हैं जो मरीज के लिए सबसे असरदार ट्रीटमेंट का प्लान करते हैं।

# जिले को पराली प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पांडे व जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, जैनी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधि, जनपद के कृषक बंधु एवं नारी शक्ति सहित आए हुए अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा विस्तार पूर्वक जनपद में हो रहे इन्वेस्ट की जानकारी दी गई। इसके उपरांत माननीय एमएलसी महोदय द्वारा अपने उद्बोधन के दौरान प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जनपद में हो रहे चौमुखी विकास व इन्वेस्ट के लिए जिलाधिकारी को बधाई दी गई। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि जनपद में इन्वेस्टर्स के लिए असीम संभावनाएं हैं, यहां पर पर्याप्त लैंड बैंक उपलब्ध है जो भी उद्यमी बंधु यहां पर उद्योग लगाना



चाहते हैं जिला प्रशासन उन्हें हर प्रकार से सहयोग प्रदान करेगा, उन्होंन जैनी केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के आए हुए प्रतिनिधियों को जनपद में 5925 करोड रुपए निवेश हेतु बधाई दी एवं पूर्ण रूप से अस्वस्थ किया कि आगे भी उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी, जिला प्रशासन का सतत सहयोग बना रहेगा। प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन इकोनामी व यशस्वी मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद लगातार प्रदेश में अपना स्थान बनाता जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद में जैनी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड का औद्योगिक विकास परियोजना का एमओयू हस्तांतरित कर शुभारंभ किया गया। जैनी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जनपद में ग्रीन मेथेनॉल 1515 टन प्रतिदिन तथा इलेक्ट्रिसिटी उत्पादन 300 से 350 मेगावाट प्रतिदिन उत्पादन किया जाएगा तथा रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के द्वारा जनपद में रुपए 125 करोड़ का निवेश किया जा रहा है ,जिससे जनपद में 1000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार तथा 10 हजार से अधिक व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर सुलभ होगा। इस प्रकार जनपद में इन दोनों परियोजनाओं के स्थापित होने से जनपद में कुल रुपए 5925 करोड़ का निवेश प्राप्त हो रहा है, जिससे जनपद में प्रत्यक्ष रोजगार 8000 एवं अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक व्यक्तियों को रोजगार का अवसर सुलभ होगा। इस प्रकार जनपद में कुल 220 निवेशकों द्वारा किया गया कुल निवेश बढ़कर रुपए 8035 करोड़ हो गया है, जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 350 प्रतिशत की उपलब्धि जिलाधिकारी महोदय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्राप्त किया गया है, जो जनपद के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। टॉप इन्वेस्टर जिला अंबेडकर नगर के तहत 15 उद्यमियों को जिलाधिकारी महोदय व माननीय विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरिओम पांडे द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जनपद को उद्योग जगत में एक अलग पहचान मिलेगी और जनपद नई ऊंचाइयों को छूएगा। अवगत कराना है कि जैनी केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा जनपद अंबेडकर नगर में 5800 करोड रुपए निवेश कर 350 मेगावाट बिजली व ग्रीन मेथेनाल उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए टांडा तहसील में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव द्वारा पूर्व में दिखाया गया था। जिसे जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों द्वारा वहां पर अपने प्लांट लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसके क्रम में पूर्व में जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा उप जिलाधिकारी सचिन यादव व जैनी केमिकल की टीम ने अपर मुख्य सचिव अतरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश शासन महेश चंद गुप्ता से लखनऊ जाकर वार्ता की गई। जिस पर अपर मुख्य सचिव सर द्वारा भी सहमति जताई गई।

## मुम्बई की जायरीन से दुराचार के मामले में मौलाना शमसाद को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनपद में दरगाह पर महाराष्ट्र से जियारत करने आई 24 साल की युवती से मौलाना ने रेप किया। आरोपी उसे झाड़ फूंक के बहाने अंदर ले गया और वहां पर दरिंदगी की। वारदात बसखारी थाना इलाके के किछौछा की है। युवती की तहरीर पर बसखारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। बसखारी थाना इलाके के नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से आयी एक जायरीन महिला ने तहरीर देकर बताया कि मौलाना सैयद मो अशरफ पुत्र इनाम अशरफ ने झाड़ फूंक के नाम पर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद युवती को कहीं मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित युवती की तहरीर पर बसखारी थाने की पुलिस ने आरोपी मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसके ठिकानों पर दबिश देते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

## कुर्रैया में निर्मित पानी की टंकी चढ़ी मनमानी की भेंट

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। जहां सरकार गांव - गांव हर घर जल हर घर नल की व्यवस्था कर रही है वही सरकार के मनसूबे पर ठेकेदार पानी फेरने पर लगे हैं शुद्ध पेयजल के लिए सरकार गांव-गांव में पानी टंकी बनवा रही है। वही दूसरी तरफ पानी टंकी में भ्रष्ट ठेकेदार अपनी मनमानी करने पर तूले है कुर्रैया कंला में वर्तमान में नवनिर्मित पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा जिसमें ठैकेदार ने जिम्मेदारों कि मिली भगत से नवनिर्मित पानी टंकी में पीला ईंट के साथ कम मात्रा में सीमेंट मौरंग लगाकर लीपा पोती कर रहा है जिससे सरकार के लाखों रुपए को चुना लगाया जा है अगर समय रहते इस पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में यह पानी टंकी ग्राम वासियों के लिए सो पीस बन जाएगी ठैकेदार ने पानी टंकी की बाउंड्री में पीला ईंट का प्रयोग कर सरकार का पैसा हड़पने का काम करते नजर आ रहा है। लेकिन आला अधिकारी इस पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे है। ठेकेदार अपनी जेब गर्म करने के लिए टंकी निर्माण घटिया सामग्री के भेंट चढ़ावा रहे हैं जहां सरकार गांव मे विकास को लेकर सख्त नजर आ रहे हैं।

## पीली डैम पर होगा दो दिवसीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

बिजनौर( स्पष्ट आवाज ) जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजनौर जिले के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के पास स्थित सुंदर पीली डेम स्थल पर 09 एवं 10 मार्च,2024 को दो दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पर्यटन तथा वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के दृष्टिगत जिला प्रशासन के तत्वाधान दो दिवसीय विभिन्न प्रकार के स्त्र1द्दठ्ठह्लह्वह्द्द स्श्चशह्लह्य का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष पीली डेम पर तीन दिवसीय अंतर्राज्यीय कैनोइंग एवं कयाकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया गया।



उन्होंने बताया कि जिला बिजनौर में पर्यटन तथा वॉटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं मौजूद हैं, पर्यटकों एवं वॉटर स्पोर्ट्स से संबंधित खिलाड़ियों का ध्यान आकर्षण करने के लिए इस वर्ष भी दो दिवसीय जल की रिदा सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि इस अवसर पर देश एवं प्रदेशों के स्पोर्ट्स क्लब के अधिकारी एवं खिलाड़ियों के अलावा विभिन्न जिलों के खिलाड़ी एवं स्थानीय छात्र-छात्राएं तथा आमजन भारी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए उपस्थित छात्राओं एवं जनसमूह द्वारा स्वीप कार्यकर्मों का भी आयोजन किया जाएगा ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार के प्रति जागरूक और प्रेरित हो सके और अपने मताधिकार का पूरी जिम्मेदारी के साथ प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे सके।उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जिला प्रशासन ने इस डैम पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कैनोइंग एवं क्याकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया था जिसको आयोजित करने के लिए वन विभाग की अनुमति ली गई थी ।

# प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट मे बरेली,पूरनपुर,रुहेला टाइगर रामपुर ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में

रामपुर।रुहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर चल रहे स्व0 मुस्तुफा अली खा मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन बरेली,पूरनपुर,रुहेला टाइगर रामपुर ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया आज का पहला संघर्षपूर्ण मैच बरेली व मेरठ के बीच खेला गया जिसमे बरेली की और से तोहीद, रहमान दानिश,फहीम ने गोल किए मेरठ की और से वैभव ने दो व अर्यान ने गोल किए इस तरह बरेली ने मेरठ में 4--3 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया दूसरा मैच शाहजहॉपुर स्टेडियम व पूरनपुर के बीच खेला गया मैच शुरू होते ही शाहजहॉपुर के राजन ने गोल कर बदत दिलाई 27 वे मिनट में पूरनपुर के रितिक ने गोल कर स्कोर बराबर किया हसन ने गोल कर बड़त दिलाई 55 वे मिनट में शाहजहॉपुर के



राजन ने गोल कर स्कोर बराबर किया अन्त में पेनाल्टी स्टोक में पूरनपुर ने शाहजहापुर को 5--4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया आज के तीसरे अंतिम मैच में रुहेला टाइगर क्लब रामपुर ने पीलीभीत को 5--3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया रुहेला टाइगर क्लब की ओर से रिजवान ने दो तिबियांन ने दो बिलाल ने एक गोल किया पीलीभीत की ओर से सौरभ,शिवा,बिशप ने एक एक गोल किए।मैच के मुख्य अतिथि मुन्ने खा राष्ट्रीय खिलाड़ी तीसरे मैच के अमृत कपूर ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया।मैचों की अंपायरिंग मुर्तजा , फामीर,नावेद खा फहीम कुरैशी,इमरान खा ने की टेक्निकल टेबल का काम आतिब खा इशरत अली जोजफ खा उदा खा ने देखा कमेंट्री सीनियर एडवोकेट नासिर खा ने की ।इस मौके पर वरिष्ट हॉकी खिलाड़ी महफूज उर रहमान खा,राष्ट्रीय खिलाड़ी मुन्ने खा,हॉकी सचिव मुख्तार खा जुनेद खा पप्पी खा ,तनवीर खा वकार खा ,जुबेर आगा बबलू खा असलम मिया आसिम खा शाहबाज खा वसीम खा यासीन मम्मा दानिश खा सहित बड़ी तादात में हॉकी के शौकीन मोजूद रहे।टूर्नामेंट सचिव इकबाल अली खा ने मुख्य अथिति सहित सभी मेहमानों का स्वागत कर अभिनंदन किया।मीडिया इंचार्ज फहीम कुरैशी के अनुसार कल 09 मार्च को दोनो सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगे पहला मैच पूरनपुर व बरेली के बीच दोपहर दो बजे दूसरा मैच रुहेला टाइगर क्लब रामपुर व टाउन हाल क्लब शाहजहॉपुर के बीच खेला जाएगा।

## पुलिस ने पैसा डबल का झांसा देकर करोड़ों का चूना लगाने वाले को भेजा जेल

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। औद्योगिक बुनकर नगरी टाण्डा में पांच से छ: माह में पैसा डबल करने का झांसा देने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लगभग एक दर्जन लोगों ने तहरीर देकर पैसा डबल करने का लालच देने वाले गिरोह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक अभियुक्त ताबिश कमर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। बताते चलेंकि टाण्डा नगर के नैपुरा मोहल्लह में कई महीनों से ऑफिस बना कर 06 माह में पैसा डबल करने वाला गिरोह संचालित हो रहा था जो एक लाख रुपये पर 16 हज़ार से 20 हज़ार रुपया प्रतिमाह मुनाफा (ब्याज) के रूप में देने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था लेकिन फरवरी माह से अचानक क़िस्त मिलना बंद होने के बाद निवेशकों में आक्रोश पैदा हो गया।

## कार्यालय नगर पंचायत हरगाँव (सीतापुर)

**पत्रांक : 1066/न0पं0 हरगाँव/2023-24** **दिनॉक : 07 मार्च, 2024**

**विज्ञप्ति**

उ0प्र0 नगर पालिका, 1916 की धारा 128 (1) व 126 (10) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, हरगाँव, सीतापुर ने अपनी बोर्ड बैठक 10.01.2024 के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत आने वाले सभी भवनों, इमारतों तथा भूमियों पर गृहकर निर्धारण हेतु शासनादेश संख्या- 408/नौ-10-63 ज/95 टी0सी0 नगर विकास अनुभाग- 9, दिनांक 22 फरवरी, 2010 व शासनादेश संख्या 135/नौ-9-11-190- द्वि0रा0वि0आ0/04 लखनऊ, दिनांक 18 मार्च, 2011 के अनुपालन निर्धारण किये जाने हेतु स्वमूल्यांकन व्यवस्था प्रभावी तथा संपत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली, 2024 बनायी गयी है जो राजकीय गजट में प्रकाशन की दिनांक से प्रभावी होगी। उक्त उपविधि के सम्बन्ध मे कार्यालय के पत्र संख्या 954/न0पं0हरगाँव/2023-24 दिनांक : 01-02-2024 द्वारा हिन्दी समाचार पत्र हिन्दुस्तान व स्पष्ट आवाज में विज्ञप्ति प्रकाशन कर 15 दिवसों में आपत्ति/सुझाव मांगे गए थे निर्धारित अवधि में कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियमावली की पुष्टि की जाती है।

**(श्रीश मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत हरगाँव सीतापुर**

**(गफ्फार खाँ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत हरगाँव सीतापुर**

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
***संपादक** -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 **E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.*** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# रोहित और गिल की शतकीय पारी

**●255 रनों की बढ़त से मैच पर भारत की पकड़ हुई मजबूत**





**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा 103 रन और शुभमन गिल 110 रनों की शतकीय पारी के बाद सरफराज खान तथा देवदत्त पड्डिकल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 473 का स्कोर बनाते हुए 255 रनों की बढ़त के साथ मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।
कप्तान रोहित शर्मा 103 रन और शुभमन गिल 110 रन बनाकर आउट हुये है। सरफराज नाबाद 56 रन और देवदत्त 65 रन, रवींद्र जाडेजा 15 रन, ध्रुव जुरेल 15 रन रन बनाकर आउट हुये। सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया है। आर अश्विन अपना खाता भी नहीं खोल सके। भारत ने कल के एक विकेट पर 135 रनों से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के पहले सत्र में रोहित और शुभमन ने 150 रनों से अधिक की साझेदारी करते हुए 246 रन बना लिये। इस सत्र 30 ओवर में भारत ने 129 रन बनाये। इस दौरान रोहित और गिल ने अपने-अपने शतक पूरे किये। रोहित ने 162 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से 103 रन बनाये। वहीं गिल ने 150 गेंदों में 12 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 110 रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय कुलदीप यादव नाबाद 27 और जसप्रीत बुमराह नाबाद 19 रन बनाकर क्रीज पर है और भारत की बढ़त 255 रन हो गई है।शोएब बशीर को चार विकेट मिले। हार्टली ने दो विकेट लिये। जेम्स एंडरसन,बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कल इंग्लैंड को 218 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने तेजी से रन बटोरते हुए कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 104 जोड़े।

## एमएससीबी घोटाला : ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने राकांपा (सपा) सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार की कंपनी के स्वामित्व वाली चीनी मिल की 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में संघीय एजेंसी द्वारा की गई मनी-लॉन्ड्रिंग जांच से संबंधित है। ईडी ने कहा कि औरंगाबाद जिले के कन्नड़ गांव में स्थित कन्नड़ सहकारी सखार कारखाना लिमिटेड (कन्नड़ एसएसके) की कुल 161.3 एकड़ भूमि, संयंत्र, मशीनरी और भवन को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। एक बयान:कन्नड़ एसएसके का स्वामित्व बारामती एग्रो लिमिटेड के पास है, जो रोहित पवार की कंपनी है, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार गुट के विधायक भी हैं।

# 'संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल' लॉन्च



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 'संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल' अभियान शुक्रवार को लॉन्च किया। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिल्ली के चारों उम्मीदवारों के साथ यह अभियान लॉन्च किया। इस दौरान श्री केजरीवाल ने कहा कि अभी आपका बेटा भाजपा, उपराज्यपाल और केंद्र सरकार से अकेले लड़ रहा है। इस बार इंडिया समूह को सातों सांसद देकर अपने बेटे को मजबूत करें। जब आपकी दवाई- पढ़ाई, बिजली-पानी रोकी जा रही थी, तब भाजपा के सातों सांसद आपको दुखी देखकर ताली बजा रहे थे। उन्होंने कहा कि आज से 12 साल पहले आम आदमी पार्टी बनी थी और लगभग 10-11 साल पहले दिल्ली के लोगों ने ढेर सारा प्यार देकर, विश्वास करके हम लोगों को भारी बहुमत देकर जिताया था और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई थी। हम बहुत छोटे और मामूली लोग हैं। फिर भी दिल्ली के लोगों ने बहुत प्यार और विश्वास के साथ हमें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी।
दिल्ली के हर परिवार का बेटा बनकर और उनके परिवार हिस्सा बनकर उनकी मुश्किलें दूर करने की पूरी कोशिश की है। हर परिवार का सहारा बनने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में केवल दिल्ली और पंजाब में 24 घंटे बिजली मिलती है। इसके अलावा देश के किसी भी राज्य में 24 घंटे बिजली नहीं आती है। वहां लंबे-लंबे पावर कट लगते हैं, उद्योगों को बिजली नहीं मिलती है। पूरे देश में केवल दिल्ली और पंजाब में जनता को मुफ्त बिजली मिलती है। कई लोगों की पूरी तनख्वाह ही बिजली के बिल जमा करने में खर्च हो जाती है। हमारे कार्यकर्ता अभियान का पर्चा दिल्ली में घर-घर बांटने जाएंगे।
इस पर्चे में वो सारे काम लिखे हुए हैं, जो हमने किये हैं। उन्होंने कहा कि फोर्ब्स मैगजीन ने 2021 में कहा था कि पूरी दुनिया के अंदर सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे का घनत्व दिल्ली के अंदर है। आज दिल्लीवालों को इसका फख्र है। हमने केवल पांच साल में दिल्ली में सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। भगवंत मान ने कहा कि दिल्लीवालों ने आम आदमी पार्टी को बहुत प्यार दिया है। दिल्ली की जनता ने ही आम आदमी पार्टी की जड़े दिल्ली में जमाईं और एक बार 70 में से 67 सीटें तथा दूसरी बार 70 में से 62 सीटें दीं। इतना प्रचंड जनादेश पूरे देश में कहीं भी किसी भी पार्टी को नहीं मिला है। आप के दिल्ली में बार-बार जीतने का मुख्य कारण यह है कि आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है। हम नफरत और नाम की राजनीति नहीं करते हैं। दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बनने शुरू हुए, सरकारी स्कूल बनने शुरू हुए। बिजली मुफ्त आनी शुरू हुई। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा शुरू हुई, दिल्लीवालों को घर-घर राशन देने की बात हुई। हमने दिल्ली की चीजें अपनाकर पंजाब में दो-तीन गुना करके लागू किया है। पंजाब में आज 829 मोहल्ला क्लीनिक हो चुके हैं और अभी तक 1.25 करोड़ लोग अपना इलाज कराकर ठीक हो चुके हैं। उनको बड़े अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ी।

## संक्षिप्त आवाज़

### महाप्रबन्धक ने महिला रेल कर्मियों का किया उत्साहवर्धन



**गोरखपुर।** सम्पूर्ण भारतीय रेल पर आज महिलायें लोको पायलट, गार्ड सहित टेऊन संचालन, सिगनलिंग, टिकट जांच एवं अन्य तकनीकी पदों पर सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च,2024 को महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर ने गोरखपुर स्टेशन यार्ड में स्थापित रूट रिले इन्टरलॉकिंग पैनल का निरीक्षण किया तथा वहाँ गाड़ियों के संचलन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती हुईं महिला रेलकर्मियों जैसे-आर.आर.आई. सुपरवाइजर (स्टेशन मास्टर), एरिया कन्ट्रोलर, पैनल आपरेटर, जूनियर इंजीनियर/सिगनल, ई.एस.एम., ब्लाक आपरेटर, गाड़ी लिपिक एवं सहायक के पद पर कार्यरत महिलाओं से मिलकर उनकी कार्यप्रणाली एवं परिचालन से सम्बन्धित तकनीकी एवं व्यवहारिक बातों को जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने आर.आर.आई. पैनल पर निरीक्षण के दौरान महिला रेलकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप सभी महिला कर्मियों ने अपने लगन एवं मेहनत के बल पर आज यह मुकाम हासिल किया है। हमें देखकर लोग कहें कि महिलायें सभी कार्य कर सकती हैं। हम ऐसा कार्य करें जिससे छोटी लड़कियाँ भी हमें देखकर प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण दिवस पर महिलायें एक दिन ही तकनीकी कार्य न करें अपितु प्रतिदिन पूरे मनोयोग से कार्य करें और अपनी जिम्मेदारी निभायें। महाप्रबन्धक सुश्री माथुर ने आर.आर.आई. पैनल पर कार्यरत टेऊन संचलन में कार्यरत महिला टीम को सामूहिक रूप से पुरस्कृत कर उनका उत्सावर्धन किया।

### होली को लेकर ट्रेन के फेरे बढ़ेंगे

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05565/05566 सहरसा-अम्बाला-सहरसा वाया गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 21 एवं 28 मार्च,2024 दिन बृहस्पतिवार को तथा अम्बाला से 23 एवं 30 मार्च,2024 दिन शनिवार को दो फेरों के लिये किया जायेगा। 05565 सहरसा-अम्बाला साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 21 एवं 28 मार्च,2024 को सहरसा से 19.30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर से 19.50 बजे, मानसी से 20.37 बजे, खगड़िया से 20.49 बजे, हसनपुर रोड से 21.37 बजे, समस्तीपुर से 22.25 बजे, दरभंगा से 23.25 बजे, कमतौल से 23.47 बजे, दूसरे दिन जनकपुर रोड से 00.12 बजे, सीतामढ़ी से 00.55 बजे, बैरगनिया से 0.142 बजे, रक्सौल से 02.35 बजे, नरकटियागंज से 03.35 बजे, बगहा से 04.17 बजे, गोरखपुर से 07.45 बजे, सीतापुर से 13.40 बजे, मुरादाबाद से 18.00 बजे तथा सहारनपुर से 21.40 बजे छूटकर अम्बाला 23.15 बजे पहुंचेगी।

### 24 से होली पर विशेष गाड़ी का संचालन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05531/05532 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल वाया गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन रक्सौल से 24 एवं 31 मार्च, दिन रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च एवं 01 अप्रैल,2024 दिन सोमवार को दो फेरों के लिये किया जायेगा

### कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन


**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा हेतु 14010/14009 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन सप्ताह में दो दिन के स्थान पर सप्ताह में तीन दिन किया जायेगा । इसके अतिरिक्त 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस के गोरखपुर से आनन्द विहार टर्मिनस तक के समय में परिवर्तन किया जायेगा। आनन्द विहार टर्मिनस से 13 मार्च,2024 से चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को तथा बापूधाम मोतिहारी से 14 मार्च, से चलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं रविवार को सप्ताह में तीन दिन चलाई जायेगी।

### आज से पीएम का असम अरूणांचल का दो दिवसीय दौरा

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 से 10 मार्च तक असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। 8 मार्च को प्रधानमंत्री असम की यात्रा करेंगे। 9 मार्च को सुबह लगभग 5 बजकर 45 मिनट पर प्रधानमंत्री काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। सुबह साढ़े 10 बजे, ईटानगर जाएंगे और वहां विकसित भारत विकसित पूर्वोत्तर कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे यहां सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में लगभग 55,600 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर लगभग 12 बजकर 15 मिनट पर जोरहाट पहुंचेंगे और प्रसिद्ध अहोम जनरल लाचित बोरफुकन की भव्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वे जोरहाट में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और असम में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

# दोषियों को दंडित करने के साथ ही पेपर लीक के मामलों को रोकेंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युवाओं के लिए घोषित अपनी 'पांच गारंटी' में से एक 'पेपर लीक से मुक्ति' का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस समस्या को खत्म करने के लिए मौजूदा तरीके सक्षम नहीं हैं, ऐसे में उसका लक्ष्य दोषियों को दंडित करने के साथ ही किसी भी तरह के पेपर लीक को रोकना है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजस्थान के बांसवाड़ा में गुरुवार को युवाओं के लिए पांच बड़ी घोषणाएं कीं जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा एवं युवा रोशनी शामिल हैं। काम के आधार पर मिलने वाला भुगतान और अस्थायी नौकरी 'गिग इकॉनमी' को परिभाषित करती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल कांग्रेस पार्टी ने देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए और करोड़ों युवाओं की समस्याओं के समाधान के वास्ते पांच युवा न्याय गारंटी की घोषणा की है।



आज भाजपा के 'डिस्टॉर्शनिस्ट' (तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने वाले) हरकत में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी एक गारंटी है पेपर लीक से मुक्ति। हमारा लक्ष्य न सिर्फ़ पेपर लीक के दोषियों को दंड देना है, बल्कि किसी भी तरह के पेपर लीक को रोकना है। रमेश ने कहा कि हम पेपर आधारित और कंप्यूटर आधारित दोनों ही तरह की परीक्षाओं के लिए पेपर सेट करने, प्रिंटिंग, परिवहन, प्रशासन और निरीक्षण से लेकर परीक्षा प्रक्रिया के हर चरण में ईमानदारी एवं निष्पक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करेंगे। मौजूदा तरीका स्पष्ट रूप से पेपर लीक को रोकने में सक्षम नहीं रहा है। कई राज्यों में पेपर लीक कानून होने के बावजूद, पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक हुए हैं। ऐसा होने से दो करोड़ से अधिक उम्मीदवारों का भविष्य बर्बाद हुआ है। पेपर लीक कानून होने के बावजूद हाल में उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए 60 लाख अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं।
रमेश ने कहा कि जो युवा इन परीक्षाओं की तैयारी में वर्षों बिताते हैं और अपने बेहतर भविष्य की आशा के लिए समय, मेहनत, और पैसा लगाते हैं, उनके लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि पेपर लीक न हों। अपराधियों को दंड देना बेहद आवश्यक है, लेकिन इस समस्या का समाधान करने के लिए यह काफ़ी नहीं है। पेपर लीक से मुक्ति - कड़ी मेहनत करने वाले हर युवा के प्रति यह हमारी प्रतिबद्धता है।

# श्रीनगर में दिए मोदी के भाषण में कुछ नया नहीं : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि गुरुवार को यहां एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए भाषण में कुछ भी नया नहीं था और जम्मू-कश्मीर के लोगों की उम्मीदें धराशायी हो गईं। अब्दुल्ला ने पार्टी के एक समारोह के इतर संवाददाताओं से कहा कि मुझे भाषण में कुछ भी नया नहीं दिखा। उन्होंने उन्हीं चीजों के बारे में बात की जिनके बारे में वह बात करते रहे हैं। उन्होंने लोकतंत्र की बहाली के बारे में ऐसा कुछ भी नहीं कहा जो लोग सुनना चाहते थे। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री खुद चुनाव की घोषणा नहीं कर सकते, लेकिन उन्हें कम से कम उच्चतम न्यायालय द्वारा तय की गई 31 सितंबर की समय सीमा से पहले विधानसभा चुनाव कराने के बारे में कुछ कहना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्हें कहना चाहिए था कि उस (समय सीमा) से पहले चुनाव होंगे, उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में कुछ कहना चाहिए था, उन्हें बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पैकेज की घोषणा करनी चाहिए थी, उन्हें दिहाड़ी मजदूरों के नियमितीकरण को लेकर कुछ कहना चाहिए था, उन्हें बिजली संकेट के बारे में कुछ कहना चाहिए था। हमें उम्मीद थी कि मोदी इन पर बोलेंगे, लेकिन हमारी उम्मीदें धराशायी हो गईं।

## आधुनिकतम सुविधाओं से लैस होगा देवरिया बस अड्डा : दया शंकर

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 1769 करोड़ रूपये की लागत देवरिया बस अड्डा को आधुनिक सुख सुविधाओं से लैस किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि बस स्टेशन परिसर में व्यवसायिक काम्पलेक्स, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय एवं बेसमेंट में पार्किंग का निर्माण जल्द किया जायेगा। इसके निर्माण में करीब 1769.32 लाख रूपये का खर्च आने का अनुमान है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इसके निर्माण के लिये उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। पहली किश्त के रूप में 25 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि चार करोड़ 42 लाख 33 हजार रुपये के लिए राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# शिव बारात में शामिल 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आकर झुलसे

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को आनन-फानन में कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया। डंडे के ऊपर एक झंडा भी लगा हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस बच्चे ने झंडा पकड़ा हुआ था, वह 100 फीसदी तक झुलस गया। वहीं उस बच्चे को बचाने का प्रयास करने वाले अन्य बच्चे भी झुलस गये। अधिकारी ने बताया कि एक बच्चा 50 फीसदी तक झुलस गया जबकि 12 बच्चों को 50 फीसदी से कम चोटें आई हैं। वहीं मुख्यमंत्री शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हादसे पर दुख जताया है।

# कैराना में दो सियासी घरानों के बीच होगा तीसरी बार मुकाबला





**सहारनपुर।** सहारनपुर मंडल की कैराना लोकसभा सीट पर तीसरी बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में खासा दखल रखने वाले घराने आमने सामने होंगे। भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी पर फिर से जताते हुए उम्मीदवार घोषित किया है। सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की पुत्री और विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया हैं। इकरा की मां तब्बसुम हसन इसी सीट से बसपा और रालोद से दो बार सांसद रह चुकी हैं। प्रदीप चौधरी हिंदू तो इकरा हसन मुस्लिम गुर्जर हैं। महत्वपूर्ण है कि गुर्जर बहुल इस पूरे क्षेत्र में हिंदू और मुस्लिम गुर्जरों में बहुत ही आत्मीय, सामाजिक और राजनीतिक रिश्ते हैं। लेकिन पिछले कई अन्य चुनाव मुकाबलों की तरह इस बार भी इन्हीं दोनों बिरादरियों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला तय हो गया है। इकरा के पिता मुनव्वर हसन का ताल्लुक कैराना से और उनकी मां तब्बसुम हसन का ताल्लुक नकुड़ क्षेत्र से है।
दोनों इलाके कैराना संसदीय क्षेत्र में आते हैं। इकरा के बाबा अख्तर हसन 1984 में कैराना से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने थे। वह गुर्जर खाप के चौधरी भी थे जबकि मुनव्वर हसन विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा चारों सदनों के सदस्य रहे। 2008 में सड़क हादसे में उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी तब्बसुम हसन 2009 में सांसद चुनी गईं। 2014 में इकरा हसन के बड़े भाई नाहिद हसन विधायक चुने गए। 2017 का चुनाव भी नाहिद हसन ने ही जीता। पिछले विधानसभा चुनावों में नाहिद हसन जेल में थे तब उनके चुनाव प्रचार की बागडोर इकरा हसन के हाथों में थी। इकरा ने भाई को जेल में रहते हुए ही जितवा दिया था।
भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी का बतौर लोकसभा यह दूसरा चुनाव है। 2017 में प्रदीप चौधरी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे और गंगोह से भाजपा के विधायक बने। तब उन्होंने बसपा के नौमान मसूद को हराया था और 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदीप चौधरी ने तब्बसुम हसन को 92 हजार वोटों के अंतर से करारी शिकस्त दी थी। इस मुश्किल सीट पर प्रदीप चौधरी ने विजय हासिल कर भाजपा नेतृत्व का ऐसा दिल जीता कि इस बार पहली सूची में ही उनका नाम घोषित कर दिया गया।

# आजादी के बाद हम पर हमले हुए तब दुनिया के उसूल कहां थे : जयशंकर

**टोक्यो।** भारत के विदेश मंत्री जयशंकर जापान के दौरे पर हैं। इस दौरान एक जापानी पत्रकार ने विदेश मंत्री से पूछा कि आप संप्रभुता के सम्मान की बात करते हैं। लेकिन भारत ने कभी भी यूक्रेन पर रूस के हमले की आलोचना नहीं की। क्या यह दोहरा रवैया नहीं है? इस पर जयशंकर ने कहा- आजादी के ठीक बाद भारत पर हमले हुए। हमारे बॉर्डर को कई बार बदला गया।
लेकिन तब कोई भी किसी उसूलों या सिद्धांतों का हवाला देते हुए हमारे साथ नहीं आया। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर दूसरे देशों ने कब्जा कर रखा है, लेकिन इस मुद्दे पर किसी को सिद्धांत नहीं दिखते और वो भारत का साथ देने की बात नहीं कहते हैं। जयशंकर ने आगे कहा कि दुनिया को समझना बेहद मुश्किल है। यहां कई मान्यताएं और सिद्धांत हैं। वैश्विक राजनीति में अक्सर देश अपनी सुविधा के हिसाब से अपने लिए उसूलों को चुनते हैं। फिर वे बाकी देशों पर उसका पालन करने का दबाव बनाते हैं। आज भारत को कहा जाता है कि संप्रभुता जैसे मूल्यों की रक्षा होनी चाहिए, लेकिन आज से 80 साल पहले ये मूल्य कहीं नजर नहीं आते थे। कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने एक बार फिर यूएनएससी में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि आज ज्यादातर देश मानते हैं कि यूएनएससी में बदलाव होने चाहिए। जब यूएन की स्थापना हुई थी, तब इसमें करीब 50 देश थे जबकि आज 200 देश यूएन के सदस्य हैं। जब किसी संगठन में सदस्यों की संख्या 4 गुना बढ़ जाए तब उसका लीडर और काम करने का तरीका पुराना नहीं रखा जा सकता।
चीन का नाम लिए बिना विदेश मंत्री ने कहा- जो देश यूएनएससी में बदलाव नहीं चाहते हैं, वहीं इसे टालने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव लड़ने से जुड़े एक सवाल पर जयशंकर ने कहा कि आप राजनीतिक फैसले वही लेते हैं, जो आपकी पार्टी का नेतृत्व तय करता है।

## देश में कोई स्टार्टअप नहीं बचा : राहुल गांधी

**गोधरा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि देश में कोई स्टार्टअप नहीं बचा है और जो अस्तित्व में हैं वे भी विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गोधरा रेलवे स्टेशन के सामने एक मुस्लिम बहुल इलाके में जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी सरकार की 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की आलोचना की और कांग्रेस के सत्ता में आने पर इस क्षेत्र को वित्त पोषित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने का वादा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि क्या आपने कोई स्टार्टअप देखा है? क्या अब कहीं स्टार्टअप दिखते हैं? एक भी (स्टार्टअप) अस्तित्व में नहीं है। और जो अस्तित्व में हैं वे विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। हम 5000 करोड़ रुपये का कोष बनाएंगे ताकि गरीब किसानों और मजदूरों के बेटे अपने स्टार्टअप शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली हैं और सत्ता में आने पर कांग्रेस उन्हें भरेगी। गांधी ने दावा किया कि केंद्र ने बड़े कॉरपोरेट घरानों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों, छात्रों और मजदूरों को ऐसी ही राहत देने के लिए तैयार नहीं है।

# किसान नेता चीजों को समझेंगे और प्रदर्शन वापस लेंगे : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसान नेता चीजों को समझेंगे और अपना प्रदर्शन वापस ले लेंगे। खाद्य मंत्री गोयल केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के साथ किसान संगठनों के संग चार दौर की वार्ता कर चुके हैं।
ये किसान संगठन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा किसानों के पक्ष में है और वह उनके साथ खड़ी है। कृपया कुछ लोगों के दुष्प्रचार से गुमराह न हों। यह सरकार किसानों के हित के प्रति कटिबद्ध है और हम हर किसान के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। गोयल ने कहा कि कृषि मंत्री और गृह राज्यमंत्री के संग उन्होंने किसान नेताओं को सुझाव दिया कि कैसे सरकार कृषक समुदाय के बेहतर भविष्य तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद पहुंचाने के लिए उनके साथ मिलकर काम कर सकती है। गोयल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि वे चीजों को समझेंगे और यह प्रदर्शन वापस ले लेंगे। यह पूछे जाने पर कि आंदोलनकारी किसानों के साथ नये दौर की वार्ता का कोई कार्यक्रम है, तो उन्होंने कहा कि किसी के साथ संवाद एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, प्रदर्शन से पहले भी, हम किसान नेताओं के साथ नियमित संवाद कर रहे थे और... भविष्य में भी हम उनके साथ संवाद करते रहेंगे।

## बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने पर एचसी ने सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और अजय कुमार गुप्त की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जो महिलाएं जेल में कैदी हैं, वे प्रेग्नेंट हो रही हैं, इससे बड़ी सुरक्षा चूक नहीं हो सकती। पांच अप्रैल तक राज्य सरकार लिखित में बताए कि आखिर ऐसा कैसे हो रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह की घटना समाज पर क्या प्रभाव डाल रही है, यह समझा जा सकता है। पहले तो वे महिलाएं जेल में बंद हैं और उसके बाद उनके साथ इस तरह का आचरण उनकी मानसिकता पर किस तरह का प्रभाव डाल रहा होगा, यह समझा जा सकता है। उन्होंने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि इसमें विस्तृत रिपोर्ट चाहिए कि आखिर यह सब हुआ कैसे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की जेलों में बंद 196 महिला कैदियों के बच्चे हो चुके हैं, जिन्हें विभिन्न होम में रखा गया है।

# ब्रेन ट्यूमर का 30 मिनट में इलाज संभव

**●अपोलो अस्पताल ने लॉन्च की जैप एक्स तकनीक**

**नई दिल्ली।** महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव है। अपोलो अस्पताल ने शुक्रवार को जैप एक्स तकनीक लॉन्च की है। इस तकनीक से 30 मिनट के सत्र में मरीज को बिना के किसी दर्द और दुष्प्रभाव से इलाज संभव है। जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। इस नई तकनीक के लिए मरीज को एनेस्थीसिया की जरूरत भी नहीं पड़ती है।
डॉक्टरों के अनुसार यह तकनीक प्राथमिक और मेटास्टैटिक ब्रेन ट्यूमर, आर्टेरियोवेनस मैलफॉर्मेशन (एवीएम), ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, पार्किंसंस रोग, मिर्गी और अन्य इंट्राक्रैनियल घावों जैसे मेनिंगियोमास, ध्वनिक न्यूरोमास और पिट्यूटरी एडेनोमास जैसे विकारों के इलाज में सक्षम है। अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रताप चंद्र रेड्डी ने लॉन्च के समय कहा, चार दशकों से अधिक समय से अपोलो हॉस्पिटल्स स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबसे आगे रहा है और अपनी असाधारण देखभाल के लिए लगातार सीमाओं को चुनौती दे रहा है। इस परंपरा को कायम रखते हुए हमने ब्रेन ट्यूमर के इलाज के लिए डिज़ाइन एक नवीन तकनीक जैप-एक्स का अनावरण किया। यह नया दृष्टिकोण विकिरण के न्यूनतम जोखिम के साथ 30 मिनट तक चलने वाले गैर-आक्रामक, दर्द-मुक्त सत्र की अनुमति देता है। जैप-एक्स उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ आता है, जिसमें तत्काल त्रुटि का पता लगाना और विकिरण रिसाव को कम करना संभव है। गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते ज्वार के साथ, जैप-एक्स एनसीडी के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक नया योगदान होगा, जिनमें कैंसर एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।
**क्या है जैप-एक्स तकनीक :** जैप-एक्स तकनीक प्रमुख फायदों के साथ आती है, जिसमें इसका गैर-आक्रामक होना शामिल है। इससे कुछ मस्तिष्क ट्यूमर के लिए सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। यह दर्द रहित और कम उपचार अवधि के लिए फ्रेमलेस, पिनपॉइंट सटीकता और वास्तविक समय छवि मार्गदर्शन प्रदान करता है। साथ ही मरीजों की सुरक्षा को भी बढ़ाता है। इस तकनीक ने न्यूनतम दुष्प्रभावों के साथ प्रभावी नियंत्रण और सुरक्षा के लिए बीते 10 वर्षों में 95 प्रतिशत से अधिक नियंत्रण दर प्राप्त की है। साथ ही छोटे ट्यूमर के मामलों में बीते पांच साल में असाधारण 99.4 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल की है। इस अवसर पर स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ मेडिसिन के न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और जैप सर्जिकल के संस्थापक व सीईओ प्रो. जॉन आर एडलर ने कहा, स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी पिछली शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रगति में से एक है। जैप-एक्स रेडियो सर्जरी के साथ मरीजों को अब एक आउट पेशेंट सेटिंग में जल्दी से ठीक किया जा सकता है और बिना किसी चीरे व दर्द वह उसी दिन अपने घर लौट सकता है।

# देश चाहता है कि इसके लोग 'विकसित भारत' के लिए योगदान दें



**बेंगलुरु।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि देश को विकसित भारत बनाने के लिए इसके लोगों के योगदान की जरूरत है। उन्होंने यहां 50 से अधिक विकसित भारत राजदूतों को संबोधित किया। वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट प्रयास का आह्वान करते हुए, ठाकुर ने कहा कि आजादी से पहले के दौर में युवाओं में स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए बलिदान का जुनून था। अब हमें विकसित भारत बनाने के लिए अपने युवाओं में योगदान का जुनून पैदा करने की जरूरत है। विकसित भारत राजदूतों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपने अपने-अपने क्षेत्रों में बहुत कुछ हासिल किया है। लोग आपको प्रशंसा की दृष्टि से देखते हैं। यदि आप अपने विचार सोशल मीडिया पर या समाज में साझा करते हैं, तो इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अपना अच्छा काम जारी रखें और विकसित भारत के राजदूत के रूप में जनता के बीच जागरूकता पैदा करें, ताकि हम प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में 2047 से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर सकें।

## मणिपुर में सेना का जवान हुआ किडनैप

**इंफाल।** भारतीय सेना के जूनियर कमीशंड अधिकारी का शुक्रवार (8 मार्च) को मणिपुर के थौबल में उनके घर से अपहरण हो गया। जवान की पहचान चारंगपत ममांग लीकाई के रहने वाले कोनसम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। कोनसम छुट्टी पर थे। कुछ लोग शुक्रवार सुबह 9 बजे उनके घर में घुस आए और उन्हें एक गाड़ी बांधकर ले गए। पुलिस ने कहा अपहरण का कारण पता नहीं चल पाया है। यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह जबरन वसूली का मामला है, क्योंकि कोनसम के परिवार को पहले भी इस तरह की धमकियां मिल चुकी थीं। सुरक्षा बलों ने सेना के जवान को बचाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में ह्ण102 से आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है। गौरतलब है कि मणिपुर में 3 मई 2023 से चल रहे संघर्ष में पिछले 10 महीने के दौरान कम से कम 219 लोग मारे जा चुके हैं।

# पहली बार मीडिया के सामने आया शेख शाहजहां, बोला : अल्लाह करेगा अंतिम न्याय



**कोलकाता।** गिरफ्तारी के बाद पहली बार मीडियाकर्मियों से बात करते हुए निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां ने शुक्रवार को कहा कि उसके मामले में अल्लाह अंतिम न्याय करेगा।
5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमले का आरोपित मास्टरमाइंड शाहजहां फिलहाल सीबीआई की हिरासत में है। सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय से मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए शाहजहां ने कहा, ÷मेरे खिलाफ सभी आरोप झूठे हैं। केवल अल्लाह अंतिम न्याय करेगा।÷
इस बीच, शुक्रवार को सीबीआई की टीम फॉरेंसिक अधिकारियों और सीएपीएफ कर्मियों के साथ शाहजहां के आवास पर पहुंची, जहां 5 जनवरी को ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमला हुआ था। 5 जनवरी को जिस टीम पर हमला हुआ था, उसमें शामिल ईडी के दो अधिकारी भी सीबीआई टीम के साथ थे। जब सीबीआई अधिकारी घर की तलाशी में व्यस्त थे, फॉरेंसिक अधिकारियों ने आवास के साथ-साथ आसपास के इलाकों से नमूने एकत्र किए। एक छोटी टीम ने शाहजहां के नाम पर बने एक स्थानीय बाजार में उसके कार्यालय का भी दौरा किया। स्थानीय लोगों ने केंद्रीय एजेंसी की टीम को बताया कि 5 जनवरी से कार्यालय पर ताला लगा हुआ है।